हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 7 मई 2025

तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

12 स्काउटिंग की हीरक जयंती पर निकली पर्यावरण एवं जल संरक्षण जागरुकता साइकिल रैली



13 भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में हुआ शैक्षणिक स्वास्थ्य शिविर





## कलेक्टर ने जारी की एडवाइजरी : सिविल डिफेंस के अंतर्गत पब्लिक को किया जा रहा अवेयर

### एयर अटैक से निपटने के लिए मॉकड्रिल आज

# शाम चार बजे सायरन बजते ही सूचना का करें पालन

# बीएसपी के मेन गेट पर शाम 7 बजे होगा ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद देश में एयर अटेक की आशंका बढ़ गई है। इसे देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अलर्ट जारी किया है। 7 मई को इसे लेकर देश के 244 जिलों में शाम 4 बजे मॉक ड्रिल की तैयारी है। बीएसपी जैसा संवेदनशील सार्वजनिक उपक्रम दुर्ग में होने की वजह से जिले को भी मॉक ड्रिल के लिए चयनित किया गया है। इसे लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सिविल डिफेंस के तहत यह मॉकड्रिल होने जा रही है। शाम 4 बजे यह इवेंट होगा, इस दौरान जिले के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सायरन बजेंगे। सिक्योरिटी प्रोटोकॉल और ट्रैफिक रूल्स की जानकारी दी जाएगी। बताया जाएगा कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए क्या किया जाए। इधर मंगलवार को स्कूलों में बच्चों को बुलाकर आपात स्थिति से निपटने से जुड़े प्रशिक्षण दिए गए। पूरे दिन अधिकारियों की बैठक का दौर चला। सुरक्षा लिहाज से एनडीआरएफ, सीआईएसफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड और पुलिस जवानों को सक्रिय कर दिया गया है। सभी थानों को अलर्ट मोड में रखा गया है। कलेक्टर ने यह भी कहा कि पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। सरकारी अस्पतालों में 1 हजार बैड अलर्ट मोड में रखे गए हैं, जिनमें 800 ऑक्सीजनयुक्त हैं।

### प्रशासन व पुलिस विभाग के अफसरों ने की बैठक

मॉकड्रिल की तैयारियों को लेकर पूरे दिन बैठकों का दौर चला। इसके अलावा भिलाई-दुर्ग के स्कूलों में बच्चों को भी सुरक्षा के लिहाजे से ट्रेनिंग दी गई। इसमें युद्ध होने पर किस तरह बचा जा सकता है, इस बारे में बताया गया। तैयारियों को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह, संभागायुक्त, आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी विजय अग्रवाल समेत एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सीआईएसएफ और अन्य विभागों के सीनियर अफसरों ने बैठक की। बैठक में मॉक ड्रिल की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था और जनसहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।


आपदा से निपटने ट्रेनिंग...

### बीएसपी संवेदनशील क्षेत्र, इसलिए दुर्ग जिले का चयन

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र की रणनीतिक महत्ता को देखते हुए क्षेत्र का चयन किया गया है। मॉक ड्रिल के दौरान एयर अटेक की स्थिति को दर्शाने के लिए सायरन बजाया जाएगा। इसके साथ ही नागरिकों को सचेत और जागरूक करने के लिए एक वीडियो भी बनाया गया है, जिसे सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। इंडियन एयरफोर्स के साथ हॉटलाइन और रेडियो कम्युनिकेशन जोड़ना, कंट्रोल रूम और सहायक कंट्रोल रूम की वर्किंग सही हो, यह तय करना, हमले की स्थिति में आम लोग, छात्र अपनी रक्षा कैसे करें, ब्लैकआउट की स्थिति में क्या करना है। इसे लेकर भी तैयारी की गई।





### मॉकड्रिल और ब्लैकआउट को भी जानिए

इस प्रकार की मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट की तैयारी मुख्य रूप से युद्ध के समय की जाती है। विशेषज्ञों ने बताया कि इस तरह का मॉक ड्रिल 1971 में किया गया था। ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना है। मॉकड्रिल का मतलब प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जाएगा, इसमें बताया जाएगा, कि आपदा में क्या करना है।

### “ मेन गेट पर होगा ब्लैक आउट



बीएसपी के मेन गेट होगा ब्लैक आउट वाला पहला दृश्य होगा। जब मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजे, तो पब्लिक घबराएं नहीं और वीडियो में बताए गए निर्देशों का पालन करें। यह अभ्यास देशहित में है और नागरिक सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने का प्रयास है।

-अभिजीत सिंह, कलेक्टर

### बीएसपी ने मॉकड्रिल का तैयार किया वीडियो

जिला प्रशासन की गाइड लाइन के तहत बीएसपी ने भी सुरक्षा की पुख्ता तैयारी शुरु कर दी है। सिविल मॉकड्रिल की तैयारी के साथ एहतियातन सेक्टर नौ हास्पिटल और पैरामेडिकल स्टाफ सहित सुरक्षा के लिए एम्बुलेंस और दमकल बेड़े आदि को अलर्ट कर दिया गया है।



इस संबंध में प्रबंधन द्वारा तैयारी का एक वीडियो भी बनाया गया है, जिसमें लोगों को दुश्मन देश के बम गिरने पर सुरक्षा व बचाव के लिए जागरुक किया गया है। कलेक्टर ने एनडीआरएफ के साथ मिलकर बीएसपी प्रबंधन को संयंत्र की सुरक्षा के लिए सिविल मॉकड्रिल करने निर्देशित किया था। इसके तहत दिनभर बीएसपी ने मॉकड्रिल की तैयारी का वीडियो बनाया। बीएसपी सेंसेटिव एरिया होने के कारण यहां महीने दो महीने में मॉकड्रिल की जाती रही है। प्रबंधन विभिन्न विभागों में सुरक्षा कार्य को परखने के लिए सीआईएसएफ, एनडीआरफए, एसडीआरएफ नागरिक सुरक्षा संगठन के साथ ड्रिल करता है। अब तक दो दर्जन माकड्रिल हो चुके हैं। युद्ध छिड़ने पर बमों से बचाव के लिए गुरुवार को शाम 4 बजे विशेष मॉकड्रिल की जाएगी।

## शादी से किया इंकार तो प्रेमिका ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रेमी के शादी से इंकार करने के बाद नाबालिग प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।

घटना के बाद नबालिग के परिजनों ने मंगलवार को मोहन नगर थाना पहुंचकर घेराव कर प्रेमी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि प्रेमी और प्रेमिका दोनों नाबालिग है। 27 अप्रैल को प्रेमी-प्रेमिका को लेकर कहीं गया था। उसके बाद वो प्रमिका को रात में उसके घर छोड़ दिया। इसकी जानकारी लगने पर प्रेमिका के परिजनों ने उसे काफी डांट लगाई थी। प्रेमिका के परिजनों ने कहा कि उनकी बेटी एक लड़के से प्यार करती थी। दोनों की शादी के लिए लड़का ने परिजनों से बात की, लेकिन उन्होंने शादी करने से मना कर दिया। इससे उनकी बेटी दुखी और गुमसुम रह रही थी। सोमवार को उसने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। यदि दोनों की शादी के लिए हामी हो जाते तो उनकी बेटी जिंदा होती। परिजनों ने बेटी की मौत के लिए लड़के के परिजनों को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रेमिका के परिजनों के मुताबिक लड़का और लड़की दोनों एक दूसरे प्रेम करते हैं। पहले तो उन्होंने लड़की को समझाया, लेकिन जब वो लड़के से शादी करने की जिद पर अड़ी रही तो उन्होंने उसके बालिग होने पर उसके प्रेमी से शादी कराने का वादा किया। लड़की के घर वाले लड़के घर जाकर उनके बालिग होने पर शादी का प्रस्ताव रखा था, लेकिन लड़के घरवालों ने शादी से साफ इंकार कर दिया।

## हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



शराब पीकर गाली गलौज कर हत्या करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मोहन ताम्रकार के हत्याकांड मामले में फरार आरोपी डोमेश्वर ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मृतक के घर के पास बैठकर नशे की हालत में गाली गलौज करता था। इस लेकर मोहन ताम्रकार ने मना किया लेकिन आक्रोश में आकर आरोपी ने शराब की बोतल को पत्थर में तोड़कर वार कर मौत के घटा उतार दिया। घटना 5 मई की शाम की है। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने थाना प्रभारी आनंद शुक्ला के नेतृत्व में टीम बनाई गई। आरोपी डोमेश्वर ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि टूटी बाटल से मोहन के सीने में वार कर मौत के घाट उतारना स्वीकार किया।

## जिले के 3097 बच्चों को पहले चरण में मिला स्कूल

# शैक्षणिक सत्र के लिए निकली लाटरी, आरटीई में पहले ही चरण में शहर के नामी स्कूलों की सीटें फुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आरटीई में शिक्षा सत्र 2025-26के लिए पहले चरण की लाटरी निकाली गई। दुर्ग जिले के 4811 सीटों के लिए लाटरी निकली। जिसमें 3097 बच्चों को स्कूल आवंटन हुआ। खास बात यह रही कि भिलाई की नामी स्कूलों की सीटें पहले ही चरण में भर गई हैं। भिलाई की 14 नामी स्कूल हैं। इनमें से 7 स्कूल की सीटें फुल हो गई है। वहीं 7 स्कूलों में सीटें पूरी नहीं भर पाई है। दूसरे चरण में खाली सीटों के लिए बच्चे फिर से आवेदन कर सकेंगे।

अलग खबर

### आरटीई पोर्टल में इस बार ये सुधार

आरटीई पोर्टल में इस बार व्यापक बदलाव किया गया है। गरीबी रेखा की सूची में आवेदित बच्चे के माता-पिता का नाम अनिवार्य किया गया। दादा-दादी व नाना-नानी के राशनकार्ड में उनके नाती व नातिन के नाम होने पर दाखिला नहीं दिया जा सकता। एक ही बच्चे के आवेदन को नाम व पते बदलकर अलग-अलग नोडलों में भरने पर उसे ट्रेस किया जा सका है। सामाजिक व आर्थिक जनगणना 2011 की सूची में संबंधित क्षेत्र के निकायों में माता-पिता का नाम अनुमोदित होना चाहिए।

### शहर के नामी स्कूलों की आवंटित सीटें

| स्कूल | निर्धारित | सीटें कुल | आवेदन चयनित बच्चे |
|---|---|---|---|
| डीपीएस दुर्ग | 30 | 299 | 30 |
| डीपीएस भिलाई | 91 | 202 | 91 |
| केपीएस नेहरूनगर | 59 | 390 | 59 |
| केपीएस सुंदरनगर | 23 | 819 | 23 |
| शंकराचार्य विद्यालय | 47 | 222 | 10 |
| शकुंतला विद्यालय | 37 | 883 | 33 |
| इंदु आईटी | 16 | 792 | 16 |
| डीएवी हुडको | 54 | 172 | 14 |
| शारदा विद्यालय | 33 | 328 | 33 |
| मैत्री विद्या निकेतन | 29 | 328 | 24 |
| शंकरा विद्यालय | 67 | 353 | 37 |
| केएच मेमोरियल | 11 | 548 | 11 |
| नालंदा स्कूल | 81 | 692 | 81 |
| माइल स्टोन | 30 | 72 | 15 |

### केवल छह नामी स्कूल में सीटें खाली

भिलाई शहर की अधिकांश नामी स्कूलों में कोटे की सीटें फुल हो गई है। आधा दर्जन ऐसे स्कूल हैं जहां सीटें खाली है। बच्चों को दूसरे चरण में प्रवेश के लिए मौका मिल सकता है। शंकराचार्य विद्यालय में 47 सीटें में से केवल 10 सीटें ही भरी है। 37 सीटें यहां खाली है। शंकुतला विद्यालय में 37 सीटों में से 33 भर पाई है। यहां 4 सीटें खाली है। डीएवी स्कूल में 54 सीटें हैं लेकिन केवल 14 ही भर पाई हैं। यहां सबसे ज्यादा 40 सीटें खाली रह गई है। शंकरा विद्यालय में 67 सीटों में से 37 ही भरी है। यहां 30 सीटें रिक्त हैं। माइल स्टोन में 30 सीटों में से 15 भरी है और इतनी ही खाली रह गई है।

### सीटें खाली वहां दोबारा मौका

जिन स्कूलों की सीटें खाली हैं वहां दूसरे चरण के लिए वंचित बच्चे आवेदन कर सकते हैं। इस बार ज्यादातर सीटें पहले ही चरण में फुल हो गई है।

-अरविंद मिश्रा,
जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




कार्यालय स्थानांतरण सूचना
आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है, कि 1 मई 2025 से दुर्ग हरिभूमि कार्यालय का स्थानांतरण भिलाई कार्यालय में हो चुका है, अब दुर्ग कार्यालय की समस्त सेवाएं भिलाई कार्यालय से संचालित हो रहा है। सभी पाठकों से अनुरोध है, कि अपने लोकप्रिय अखबार हरिभूमि में विज्ञप्ति एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
फोन नं. 0788-4091720
98261-22213, 94250-24026
Email Id - haribhoomibhilai@gmail.com

सुमीत बाजार में
आज पेपर कटिंग लाने पर
बुधवार स्पेशल
मैटी कम्फर्टेबल फेब्रिक के साथ
मेन्स टीशर्ट
राउण्ड नेक
बाजार ₹499 प्रति वाला
LIMITED OFFER
ONLY
₹249/-
2 पीस
सभी साईज में उपलब्ध
*CONDITION APPLY
ऑफर सिर्फ पेपर कटिंग लाने पर   ऑफर स्टॉक रहने तक   प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 1 सेट
• सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई
• गुरुद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पुलगांव चौक, दुर्ग



## खबर संक्षेप



### विधायक-महापौर से की सामाजिक भवन की मांग

दुर्ग। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर अलका बाघमार के समक्ष देवांगन समुदाय द्वारा सामाजिक भवन की आवश्यकता को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उपस्थित समाज के प्रदेश कार्यकारिणी, जिला के कार्यकारिणी दुर्ग शहर के अध्यक्ष एवं सभी इकाई मंडल देवांगन समाज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में देवांगन समुदाय के लोग शामिल रहे। मांग में बताया गया है कि शंकर नगर दुर्ग में वार्ड क्रमांक 10, 11, 12, 13 एवं 14 में 400 से 450 घरों का देवांगन परिवार निवासरत है। सामाजिक भवन नहीं होने की वजह से देवांगन समुदाय को सामूहिक गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मेलन आयोजित करने में कठिनाइयां आ रही है। इस परेशानी से विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर अलका बाघमार अवगत है। ज्ञात हुआ कि वार्ड 11 के समीप स्थित पानी टंकी को हटाकर अन्यत्र स्थान पर बना दिया गया है। जिससे वह स्थान रिक्त है इस रिक्त जमीन से समुदाय के लोगों को एक साझा स्थान मिलेगा, जहां हम अपने विचारों को साझा कर सकेंगे और सामूहिक रूप से काम कर सकेंगे। जिसमें विधायक एवं महापौर ने आश्वासन दिया है।

### निगम ने हटाए दुकानों के सामने लगे टीन शेड

दुर्ग। निगम का अमला बुलडोजर लेकर पटवा हटरी बाजार क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर पहुंचा। यहां दुकानों के सामने लगे टीन शेड,नाली के ऊपर चबूतरा, गांधी चौक राम मंदिर के पास से सब्जी दुकान को हटवाया गया। अन्य माध्यमों से किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान पहले दुकानदारों को लाउड स्पीकर के माध्यम से स्वयं अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी गई। इसके बाद दुकानदारों को समय दिया गया। पश्चात अतिक्रमण नहीं हटाने वालों की सामानों की जब्ती और टीन शेड बुलडोजर से हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार ने बताया कि समूचे बाजार क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त बनाने की रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत आगे भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रखी जाएगी। दोबारा अतिक्रमण नहीं हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है।

### 12 से संस्कारों की पाठशाला का आयोजन

राजनांदगांव। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा 12 से 16 वर्ष तक के आयु के बच्चों के लिए समर कैंप संस्कारों की पाठशाला का आयोजन लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र वरदान भवन में किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना है। इस समर कैंप का शुभारंभ 12 मई को सुबह 9 बजे होगा। यह शिविर 16 मई तक चलेगा। जिसका समय प्रतिदिन 9 से 10.30 बजे तक रहेगा।

# विधिक शिविर में घरेलू हिंसा और गुड टच व बैड टच पर दी जानकारी

## विधिक विषयों के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी, नेशनल लोक अदालत की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के शिविर में महिलाओं घरेलू हिंसा और नाबालिको को गुड टच व बैड टच सहित जागरूक करने अन्य जानकारियां विस्तार से दी गई। वही लोक अदालत सहित विभिन्न गतिविधियों को बताया गया। इस दौरान बडी संख्या में महिलाएं और नाबालिक उपस्थित रही।

दुर्ग अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी के कुशल मार्गदर्शन में विगत 1 मई 2025 को मनाए गए विश्व श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में पुलगांव चौक के समीप विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है।

उक्त विधिक जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव तथा जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग के कुल 09 न्यायाधीशगण ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों तथा उनके संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस शिविर में नागरिकों को नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 जैसे विभिन्न विधिक योजनाओं तथा श्रमिक विधियों, न्यूनतम मजदूरी सुरक्षित कार्यस्थल, श्रमिक कल्याण योजना, सामाजिक सुरक्षा की जानकारी दी गई।

### पाम्पलेट के जरिए दी जानकारी

इसके अतिरिक्त उपस्थित गणमान्य नागरिकों को अन्य विधिक विषयों पर पॉम्पलेट का वितरण कर आवश्यक जानकारी दी गई तथा उनकी जिज्ञासाओं का संतोषप्रद उत्तर देकर समाधान किया गया। उक्त शिविर में पैरालीगल वॉलेंटियर हिमान्शु शर्मा, थाना पुलगांव के पुलिस अधिकारी एवं अधिक संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



### 10 को होंगे नेशनल लोक अदालत

इसके अतिरिक्त उपस्थित नागरिकों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, मोटरयान अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, गुड टच-बैड टच, छ.ग.भू.रा. संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, परक्राम्य लिखत अधिनियम जैसे विधिक विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही उपस्थित गणमान्य नागरिकों को 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किये जाने की महत्ता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## अव्यवस्था : स्टैंड पर बस आते ही दौड़ पड़ते हैं यात्री, ट्रेनों में भी नो रुम की स्थिति

# छुट्टियों व शादी के चलते लोकल रुट की बसों में भीड़, ठूंसे जा रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अप्रैल माह से शुरू हुए वैवाहिक आयोजन और ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते इन दिनों बसो में पैर रखने की जगह नही है। कई बसे जहां शादियों में बुकिंग के चलते सडको से गायब है, वही जो गिनती की बसे दौड रही है वहां यात्रियों के पैर रखने तक की जगह नही है। ऐसे में यात्रियों को संचालक बसों में ठूंस रहे है। जिसके चलते यात्रियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।

बस के आलावा इधर ट्रेनो में भी नो रूम की स्थिति बनी हुई है। रेल्वे के बाद बसों में भी इस तरह के हालात निर्मित होने से यात्रियों के पास सफर करने दूसरा विकल्प भी नही है। शादियों और गर्मी की छुट्टी के चलते बसों के साथ ही अन्य यात्री वाहन ठसाठस चल रहे हैं। ऐसी स्थिति में बसों में सफर करना लोगों के लिए भारी पड़ रहा है। यह स्थिति जून तक रहने की संभावना जताई जा रही है। इन दो माह में सबसे ज्यादा शादियों के मुहूर्त हैं। जून में स्कूल फिर खुल जाएंगे, जिससे जो बच्चे व उनके परिजन जो बाहर गए हैं, उनकी वापसी शुरू हो जाएगी। शादियों और गर्मी की छुट्टी का फायदा उठाकर चालक-परिचालक भी वाहनों को ओवरलोड चलाकर चांदी काट रहे हैं।

### कुछ ही देर में फुल हो जाती है बस, इस माह राहत नहीं



### बनी रहेगी भीड़, सभी रूट की बसें खचाखच

शादियों का सीजन इस पूरे माह चालू रहेगा। ऐसे में कुछ तिथि ऐसी है, जिसमें एक दिन में कई शादियों के मुहूर्त हैं। वहीं गर्मी की छुट्टियों के कारण भी यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। बसों और टैक्सियों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाया जा रहा है। दुर्ग से रायपुर, बालोद और बेमेतरा की ओर चलने वाली बसों व टैक्सियों में तो लोग जान जोखिम में डालकर गेट पर खड़े होकर यात्रा करने को मजबूर हो रहे हैं। यह सब जानने के बाद भी यातायात पुलिस द्वारा ओवरलोड वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### दौड़ रहे हैं अनफिट वाहन

जिले में खटारा बसें और टैक्सियां ही यात्रियों को लाने-ले जाने का काम कर रही हैं। इन बसों और टैक्सियों की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि, सीटें टूट-फूट गई हैं। कांच भी नहीं है। बावजूद इसके वे बेरोकटोक दौड़ रही हैं। यात्री अगर कुछ बोलते हैं तो बस चालक उन्हें वाहन से उतार देने की बात कहते हैं। मजबूरी में लोगों को खटारा बसों और टैक्सियों में सफर करना पड़ रहा है। देखा जा रहा है कि, पिकअप वाहनों में भी लोग सफर कर रहे है। जिस पर पुलिस की नजर नही हैं।

**अभियान चल रहा**

इस तरह के वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का अभियान चल रहा है। हाल ही में इस तरह के कई मामले में कार्यवाही की गई हैं। सवारी वाहनों के आलावा पिकअप वाहन में वालो पर भी कार्यवाही की जाएगी। **-ऋचा मिश्रा,** एएसपी ट्रैफिक

### ओवरलोड चल रही बसें यात्री भी बेबस

इन दिनों लोगों को बस में सफर करना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। बस स्टैंड पर बसें ठसाठस भरी हुई आ रही हैं। इस कारण यात्रियों को बस में पैर रखने की जगह भी नहीं मिल पा रही है। स्कूलों में छुट्टी होने के कारण हालत ज्यादा बिगड़ गई है। स्थिति यह है कि, बस स्टैंड पर बस आते ही लोग उसकी ओर दौड़ पड़ते हैं और कुछ ही देर में बस फुल हो जाती है। इससे लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों को परेशानी हो रही है। बसों में जगह नहीं होने के बावजूद लोग खड़े-खड़े सफर कर रहे हैं। इससे कई बार विवाद की स्थिति भी पैदा हो जाती है। बावजूद इसके मजबूरी में लोग सफर कर रहे हैं। बसें भी ओवरलोड चलती हैं।

### ओवरलोडिंग से भी परहेज नहीं

जिले में प्रतिदिन 100 से अधिक बसें चलती हैं, जिनमें करीब 10 हजार लोग विभिन्न शहरों के लिए यात्रा करते हैं, लेकिन स्कूलों की छुट्टियां और शादियों का सीजन शुरू होने से यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। एक बस में अधिकतम 52 यात्रियों के बैठने की क्षमता होती है, लेकिन अधिक मुनाफे के चक्कर में चालक-परिचालक क्षमता से सवारी भर लेते हैं। इससे यात्रियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रही ट्रैफिक पुलिस स्टैंड पर बस के पहुंचते ही यात्री सीट के लिए दौड़ पड़ते हैं।

# जनपद की तीन समितियों में नहीं बन पाए हैं सभापति



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जनपद पंचायत में स्थानीय समितियों के गठन के बाद भी तीन समितियों में सभापति का चयन महीना बीतने के बाद भी नहीं हो पाया है। सभापति चयन के बिना होने वाली बैठकों पर इसका असर पड़ रहा है। अब बिना सभापति के ही बैठक आयोजित होगी। दरअसल भारतीय जनता पार्टी के भीतर मचे घमासान की वजह तीनों समितियों में सभापति का चयन नहीं हो पा रहा है।

- बगैर सभापति के जनपद के योजनाओं का हो रहा संचालन

जानकारी के अनुसार दुर्ग जनपद में महिला एवं बाल विकास, कृषि तथा स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति के सभापति चुनाव के लिए इनके सदस्यों की बैठक बुलाई गई इसमें पहली बैठक की भांति ही महिला एवं बाल विकास समिति में बेलायादव, कृषि समिति गोकुल वर्मा एवं स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति में प्रतिभा देवांगन को ही सभापति पद के लिए नाम प्रस्तावित किया गया इस पर पहले से सभापति नहीं बनाए जाने से नाराज चल रहे सदस्य पूर्णिमा एवं संगीता साहू ने समर्थक बनने से इंकार कर दिया संगीता का कहना है कि उन्हें कृषि या स्वास्थ्य व स्वच्छता दोनों में से कोई एक समिति का सभापति बनाया जाए। वहीं पूर्णिमा भी महिला व बाल विकास समिति सभापति पद की मांग पर अड़ी रही ।इसके लिए बात नहीं बनने पर पूर्णिमा पहले बैठक छोड़कर बाहर आ गई उनका कहना कि सक्रिय सदस्य एवं वरिष्ठता को भी नजर अंदाज किया जा रहा इसलिए उन्होंने सहमति नहीं दी वहीं संगिता के भी समर्थक बनने सहमति नहीं देने पर बैठक स्थगित कर दी गई ।

### समिति भंग करने कोई प्रावधान नहीं-सीईओ

दुर्ग जनपद सीईओ रूपेश पाण्डेय का कहना है कि, समितियो में सदस्य निर्वाचन के बाद इसका कलेक्टर द्वारा अनुमोदन हो चुका वहीं सभापति नहीं होने से समिति भंग होगी ऐसा पंचायत राज में कोई प्रावधान नहीं है ऐसी स्थिति में समिति की बिना सभापति के ही बैठक होंगी इसमें सचिव पीठासीन अधिकारी रहेंगे ।बैठक में बहुमत के आधार पर कोई भी प्रस्ताव अनुमोदित होगा।वहीं सभी समितियों की बैठक में जनपद अध्यक्ष

### जिपं. में सामान्य प्रशासन की आज बैठक

दुर्ग जिला पंचायत में सामान्य प्रशासन समिति की 7 मई को बैठक रखी गई है। बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में कई प्रशासनिक मसलों पर चर्चा होगी।

# स्काउटिंग की हीरक जयंती पर निकली पर्यावरण एवं जल संरक्षण जागरुकता साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के निर्देशानुसार तथा राज्य उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, जिला मुख्य आयुक्त जीत यादव व जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में 1 मई 2025 को स्काउट गाइड के 75वीं वर्षगाँठ हीरक जयंती के अवसर पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु जागरूकता संदेश साइकिल रैली स्काउट गाइड के विद्यार्थियों एवं जिला संघ दुर्ग के पदाधिकारियों, स्काउटर-गाइडर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम हमले में शहीद हुए देश के नागरिकों को मौन धारण कर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि सभा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला संघ दुर्ग के अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरस्वती गिरिया एवं प्रभारी लिंक अधिकारी तनवीर अकील, दुर्ग जिला साइकिलिंग संघ सचिव देवप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख, साइक्लिंग कोच प्रतीक मनोध्या द्वारा रैली को संबोधित कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के दौरान स्काउट- गाइड, रोवर-रेंजर एवं स्काउटर- गाइडर प्रतिभागियों ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण का नारा लगा कर अपना संदेश जन जन तक पहुंचाया।

- रैली निकालकर किया गया जागरुक

# दुकान के बाहर नाली पर स्लैब बनाने वाले दुकानदारों को दुर्ग महापौर ने दिया चौबीस घंटे का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग के 60 वार्डों में 1 मई से 8 जून तक महापौर द्वारा महासफाई अभियान की शुरूआत की गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को शहर के वार्ड 24 आमदी मंदिर सिंधी कालोनी से लेकर ग्रीन चौक व स्टेशन चौक मुख्य मार्ग तक नालियों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। विभिन्न नाला-नालियों से अतिक्रमण हटाकर बेहतर सफाई कराने और नाला-नालियों का बहाव व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा की भीतर नाली की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर महापौर ने स्वास्थ्य अमले पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के मौके पर स्टेशन के सामने कुछ लोगों ने स्वयँ से शेड और अतिक्रमण हटाने लगे। महापौर ने कहा व्यवसायी दुकान के बाहर सड़कों तक टीन शेड, तिरपाल, विज्ञापन साइन बोर्ड से यातायात पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी दुकानदारों से कहा 24 घंटे का समय की नाली के ऊपर स्लैप निर्माण को स्वयं तोड़कर जाली लगवाए। नगर निगम 24 घंटे के बाद तोड़ूदस्ता अमला जेसीबी की मदद से सभी के दुकानों के बाहर नाली के स्लैप तोड़ना शुरू करेगी। इस दौरान विद्युत एवं यंत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, वार्ड पार्षद सुश्री पायल अनूप पाटिल, पार्षद युवराज कुंजाम, उपायुक्त व नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, उपअभियंता हरिशंकर साहू, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद के अलावा अन्य मौजूद रहे।

- आमदी मंदिर से ग्रीन चौक तक चलाया अभियान

### इन्हें मिला कब्जा हटाने के लिए नोटिस

स्टेशन रोड पर नाली के उपर सैकड़ो बल्ली, गोयल टिम्बर लकड़ी ताल को नोटिस के साथ जुर्माना, किशोर प्लाजा नाली के ऊपर स्लैप गंदगी व साइन बोर्ड, माँ उमिया स्वीट्स गंदगी, होटल ग्रीन, इंग्लिश शराब दुकान, खत्री किराना स्टोर्स, दाँतोत्री इंजीनियरिंग वर्क्स, होटल तनिष्क, होटल सागर, इंदौर सेव भंडार, सुंदरम वेज रेस्टोरेंट, होटल जायका सहित अन्य दुकान व होटलो को जुर्माना के साथ नोटिस जारी किया गया।

## कंपनी के भरोसे शिविर, अव्यवस्था से अफसर भी बने अनजान

# अंपाइंटमेंट के 10 दिन बाद भी नहीं मिल रहा नंबर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने आयोजित शिविर में भारी अव्यवस्था का आलम हैं। पालिटेक्निक कालेज के सामने वेंकटेस बजाज शोरूम में बडी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जिसमें ऐसे लोग भी शामिल है। जिन्हें दस दिन पहले नंबर जारी होने के बाद तिथि देकर नंबर लगाने बुलाया गया था। इसके बाद वे शिविर में पहुंच रहे है। लेकिन उन्हें यह कहकर वापस लौटाया जा रहा है कि, उनका नंबर नही आया है। यही नही शिविर में पेयजल और बैठने तक की व्यवस्था नही है। जिलेभर से आए लोगों को संतोषजनक जवाब भी नही दिया जा रहा हैं।

- वाहन मालिकों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2019 से पहले के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के निर्देश के चलते शहर के पालीटेक्निक कालेज के सामने वेंकटेस बजाज शो रूम में शिविर का आयोजन किया गया हैं। हरिभूमि ने पडताल की तो पता चला कि, कई वाहन चालको को विगत 24 अप्रैल का अप्वांइटमेंट दिया गया है। लेकिन उनका नंबर अब तक नही आया है। वही पांच अप्रैल को जिन्हें तिथि नंबर लगाने दी गई थी। उन्हें भी नंबर नही आने की बात कहकर वापस लौटा दिया गया। शिविर में आए मिहिर देशमुख ने बताया कि, नंबर लगाने तिथि दी गई थी। लेकिन नंबर प्लेट आने तक की जानकारी नही दी जा रही है। वहीं पाटन से आए अशोक कुमार ने बताया कि, शिविर में पूरी तरह से अव्यवस्था है। फार्म जमा करने तक के लिए लोगों को भटकना पड रहा हैं।



**पेयजल तक की शिविर में सुविधा नहीं:** बजाज शोरूम में लोगों के बैठने की सुविधा तो दूर पेयजल की भी व्यवस्था नही रखी गई है। नंबर प्लेट आने तक की जानकारी नही दी जा रही हैं। अफसर कह रहे है कि, शिविर लगाने की जिम्मेदारी कंपनी की है। हमने जगह उपलब्ध करा दी हैं। शोरूम के बाहर पार्किंग तक की सुविधा नही है।

**निर्देश दिए**

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के लिए ठेका कंपनी नियुक्त किए गए है। वाहन चालको को व्यवस्था देना उनकी जिम्मेदारी है। ऐसी बात है तो निरिक्षण कर कार्यवाही करेगें।
**-एसएल लकडा,** आरटीओ अधिकारी दुर्ग

### मैसेज पर पहुंच रहे वाहन चालक

वाहन चालक पवन देवांगन ने बताया कि, मोबाइल पर हाई सिक्योरिटी नंबर डिलिवर होने की जानकारी मिली है। जिसके बाद लोग शोरूम पहुंच रहे है। लेकिन यहां आने के बाद नंबर नही आने की जानकारी दी जा रही हैं। शोरूम में वाहन चालक आक्रोशित तब अधिक हो रहे हैं, जब उन्हें बगैर नंबर प्लेट दिए खाली हाथ लौटा दिया गया। जब नाराज लोगों ने इसकी शिकायत की तो कर्मचारियों का कहना था कि, नंबर प्लेट ही नही आया है। बहरहाल 7 मई 2025 को जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 9 मई 2025 को जिला पंचायत परिसर दुर्ग में, 10 मई 2025 तथा 11 मई 2025 को बस स्टैण्ड दुर्ग में और 13 मई 2025 व 14 मई 2025 को नगर पालिक निगम परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी।

# कलेक्टोरेट की लिफ्ट खराब दूसरे माले में लग रहा कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग





जिला कार्यालय में लगा लिफ्ट इन दिनों बंद होने के कारण विकलांग वर्गो को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। पता चला हैं कि, लिफ्ट पिछले सप्ताहभर से बंद है। इसके बाद भी सुधार की दिशा में अफसरों ने कोई कार्यवाही नही की है। मंगलवार को एक विकलांग बुजूर्ग को दूसरे माले तक जाना था। लेकिन लिफ्ट खराब होने से वे कोर्ट तक नही पहुंची। ऐसी स्थिति में कार्यालय के नीचे ही बुजूर्ग का बयान लिया गया। दीपक नगर से आई इंदुबाई धनवारे ने बताया कि, उनकी पेशी डिप्टी कलेक्टर लता उर्वशा के कोर्ट में है। वे जिला कार्यालय के दूसरे माले में उनका कार्यालय है। वे लिफ्ट खराब होने के कारण वहां तक नही पहुंच पाई। ऐसे में उनके वकील ने महिला से मौके पर ही दस्तखत कराया। जिला कार्यालय का लिफ्ट खराब होने से वहां आए लोगों में नाराजगी दिख रही है।

## खबर संक्षेप



### विस अध्यक्ष ने पूर्णिमा को श्रद्धांजलि अर्पित की

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की माता की स्वर्गवास के उपरांत छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को दुर्ग आर्य नगर स्थति निवास पहुंचकर तैलचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

### केंद्रीय मंत्री तोखन ने दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** मंगलवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की माता के स्वर्गवास के उपरांत केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने दुर्ग आर्य नगर स्थति निवास पर पहुंचकर तैल चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

### टीएसडी-जन्म मृत्यु अनुभाग के कर्मियों ने बनाए सौ प्रमाणपत्र

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के जन स्वास्थ्य विभाग के जन्म मृत्यु अनुभाग द्वारा बीएसपी के सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती मरीजों में होने वाले जन्म और मृत्यु को दर्ज कर प्रमाण पत्र बनाये जाते हैं। अनुभाग के कर्मियों ने 24 घंटे में 100 जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने जन्म मृत्यु कार्यालय व पीएचडी विभाग के कार्मिकों के कार्यों की सराहना की। वहीं जेएलएन हास्पिटल से जन्म और मृत्यु के प्राप्त रिकॉर्ड के आधार पर जन स्वास्थ्य विभाग के जन्म मृत्यु अनुभाग द्वारा वर्ष भर में 2 हजार जन्म प्रमाण पत्र तथा 1500 मृत्यु प्रमाणपत्र बनाये जाते है। यह कार्य पीएचडी कार्यालय द्वारा निःशुल्क किया जाता है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार जनरल ऑफ़ इंडिया, छत्तीसगढ़ वित्त योजना आर्थिक सांख्यकी विभाग द्वारा जारी पोर्टल के माध्यम से बनाया जाता है।

### बीएसपी के ठेका श्रमिकों को मिले पुरस्कार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स ज़ोन के ठेका कार्मिकों के लिए पूर्व में आयोजित अंतर्विभागीय मिल जोन सुरक्षा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग के सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में टूल बॉक्स टॉक, फुल बॉडी हार्नेस, सेफ्टी क्विज, सेफ्टी गीत एवं कविता, सुरक्षा ड्रामा, सुरक्षा प्रश्नोत्तरी तथा शिपिंग (लोडिंग एवं अनलोडिंग) जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई थीं। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। ईडी राकेश कुमार और सीजीएम तापस दासगुप्ता विशेष अतिथि थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./E-202504103000114
/अ-6 / वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण-1. श्रीमती रीता सिंह ध.प. स्व. हरिन्दर सिंह, 2. कु. अंशला सिंह पिता स्व. हरिन्दर सिंह, 3. हर्षिता सिंह पिता स्व. हरिन्दर सिंह सभी निवासी मकान क्रमांक 4 बी, एन.आई.एल. ब्लॉक, मालवीय नगर दक्षिण दिल्ली विरूद्ध छ.ग. शासन, श्री जय सिंह पिता तीर्थराज सिंह पता- ग्राम पुरई भूमिस्वामी हरिन्दर सिंह का स्वर्गवास दिनांक 25/11/2017 को हो गया है। स्व. श्री हरिन्दर सिंह के नाम से खसरा नंबर 201/2 रकबा 0.021 हे. ग्राम पुरई में दर्ज है। नामांतरण उनकी फौती उपरांत आवेदकगणों के पक्ष में विधिवत रूप से नामांतरण क्रमांक 430103/281291/16750 आदेश क्रमांक 01/1/28/2019 पारित हुआ था। किन्तु खसरा नंबर 203/2 रकबा 0.036 हेक्टेयर भूमि मे मृतक श्री हरिन्दर सिंह के स्वर्गवास हो जाने से उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।,

आज दिनांक 29/4/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
दुर्ग

## पाटन जनपद में जल संरक्षण के लिए जनजागरुकता बढ़ाने हुआ कार्यक्रम

# मुख्यमंत्री पहुंचे सोनपुर, अफसरों से ली सुशासन तिहार की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को ग्राम सोनपुर में आयोजित स्व. मोहन लाल कुंभकार की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व. मोहन लाल कुंभकार के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री साय ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. मोहन लाल कुंभकार ने सामाजिक जीवन में सराहनीय कार्य किए। उनका जाना हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना किया कि परमपिता परमेश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, कमिश्नर सत्यनारायण राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व विभिन्न आयोग के अध्यक्ष उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री साय ने स्व. मोहन लाल कुंभकार को दी श्रद्धांजलि**





### 15 जून तक जिले भर में वर्षा जल संचयन का चलेगा महा अभियान

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग कुमार दुबे ने वर्षा जल संचयन रेन वाटर हार्वेस्टिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 6 मई से 15 जून तक जिले भर में वर्षा जल संचयन का महा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज पीट बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सीईओ दुबे ने बताया कि वर्षा जल संचयन से पानी की बचत करता है, भूमिगत जलस्तर बढ़ाता है, बाढ़ नियंत्रण में मददगार होता है और पानी की गुणवत्ता बनाए रखने में भी उपयोगी है। इसके लिए छत पर जल संग्रहण, भूमिगत टैंक, तालाब और जलाशयों जैसे प्रभावी तरीके अपनाए जा सकते हैं।

### हितग्राहियों को सामग्री वितरित किए

जनपद पंचायत पाटन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सांकरा में सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री वितरित किए गए। दिव्यांग पात्र हितग्राहियों को ट्राइसाइकिल, श्रम कार्ड एवं महिलाओं को पोषण आहार का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र दिया गया। स्वामित्व योजना के अंतर्गत 20 व्यक्तियों को भू-पट्टा, ऋण पुस्तिका एवं मनरेगा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत दस हितग्राही को जॉब कार्ड प्रदान किया गया।
पाटन जनपद में जल संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाने के लिए संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुशासन तिहार समाधान शिविर के तहत की गई, जिसमें 'एकेच गोठ, एकेच बानी, बूंद-बूंद बचाओ पानी' थीम के साथ लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। शिविर का आयोजन डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, जनपद अध्यक्ष पाटन कीर्ति नायक, जनपद सभापति खेमलाल देशलहरे, ग्राम पंचायत सांकरा सरपंच रवि सिंगौर की उपस्थिति में किया गया।

## आरएसएस के प्रांत प्रचारक के पिता मोहन लाल को पुष्पांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पाटन विकासखंड के ग्राम सोनपुर मंगलवार को पूरा शोक में डूबा नजर आया। मंगलवार को यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभय राम कुम्भकार के पिता मोहनलाल कुंभकार के दशगात्र का कार्यक्रम था जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित प्रदेश के लगभग सभी मंत्रीगण, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी के लगभग सभी वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर ईश्वर से उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। शोकसभा में सुबह से ही प्रदेश भर से वरिष्ठ जन प्रतिनिधिगण पहुंच रहे थे। प्रांत प्रचारक कुम्भकार वर्षो से आरएसएस से जुड़े हुए हैं। उनके पिता भी हमेशा समाज सेवा से जुड़े रहे थे। आरएसएस तथा भाजपा से जुड़े सभी लोगों ने उन्हें याद किया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वरिष्ठ नेतागण सुबह से यहां पहुंचने लगे थे।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, क्रेड़ा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, रजक बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, वेयर हाउसिंग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज आदि शामिल हुए।

### आईएंडए जोन के कर्मियों को मिला शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के आईएंडए ज़ोन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक रवि शंकर ने की। सभी पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। सहायक प्रबंधक रामाशेट्टी नागा वेंकटेश को जुलाई से सितम्बर 2024 के लिए पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया व जूनियर इंजीनियर एसोसिएट वारा प्रसाद गुमिडी, अक्टूबर के लिए चार्जमेन पोषराम ठाकुर चार्जमेन कम वरिष्ठ तकनीशियन सुधीर कुमार वर्मा, जूनियर इंजिनियरिंग एसोसिएट सुधांशु माहेश्वरी, जनवरी 2025 के लिए इंजिनियरिंग एसोसिएट संजीव कुमार इंजिनियरिंग एसोसिएट डी अप्पाराव, मार्च 2025 के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट सीमा कंवर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया।

## संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही भाजपा की असली पूंजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

- भाजपा उतई मंडल की हुई बैठक

उतई रेस्ट हाउस में भाजपा की बैठक मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने संगठन विस्तार एवं बूथ कि मजबूत इकाई के बारे में बताया और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में नए सदस्यों को पार्टी के विचारधारा से जोड़ने के लिए कहा। विधायक ललित चंद्राकर ने पार्टी की विचारधारा व संगठनात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सफलता संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के समर्पण पर आधारित है। हमें पार्टी के मूलभूत सिद्धांतों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मंत्र को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने अपने विचार व्यक्त किये और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। पार्टी ने नए सदस्य को जोड़ने और युवा वर्ग को संगठन से जोड़ने पर विशेष बल दिया है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री सोनू राजपूत ने किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, डॉ. अनिल साहू, मनोज सोनी, सुनील अग्रवाल, राजा महोबिया, गिरिश शर्मा, चंदू देवांगन, शत्रुहन साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, पार्षदगण में लता सोनवानी, सुनीता चंद्राकर, विजयलक्ष्मी साहू, सतीश चंद्राकर, भीमसेन सिन्हा, खूबी राम साहू, संगीता रजक, जितेंद्र साहू, घनश्याम चंद्राकर, कांति साहू, रंजना चंद्राकर, ममता चंद्राकर, सुखीतराम यादव आदि उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार समाधान शिविर विविध वार्डों में आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय काम काज में पारदर्शिता तथा योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियानवयन के लिए सुशासन तिहार 2025 संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियानवयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में प्रगति के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है, जिसके अंतर्गत सुशासन तिहार 2025 का तृतीय चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन पत्रों की प्राप्ति एवं एक माह के भीतर निराकरण के प्रश्चात 7 मई से 31 मई तक समाधान शिविर नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 7 मई बुधवार को वार्ड क्रमांक 16 राजीव भवन परसदा में वार्ड 12,13 एवं 16 के लिए, मई 14 बुधवार को वार्ड क्रमांक 6 सांस्कृतिक भवन में वार्ड 1 से 8 तक 21 मई बुधवार को कर्मा भवन जंजगिरी में वार्ड 17,19,23 एवं 24 के लिए 23 मई शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 15 के शनि मंदिर मंच में वार्ड 9,10,11,14,15 एवं 18 के लिए, तथा 31 मई शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 17 मानस भवन कुगदा में वार्ड 20, 21 एवं 22 के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई है।

## भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में हुआ शैक्षणिक स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- रोग निदान और खानपान के लिए किया जागरुक

भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग और चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाएं विभाग द्वारा महिला सफाई कर्मचारियों के लिए 'मिशन लक्ष्मी' के अंतर्गत निःशुल्क शैक्षणिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में किया गया। शिविर में 50 महिला श्रमिकों व बालिकाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्त्री रोग निदान, कैंसर, संतुलित खानपान और स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। शिविर में जेएलएन अस्पताल के चिकित्सा परामर्शदाताओं द्वारा महिला कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त में हीमोग्लोबिन, शुगर की मात्रा की जांच और पेप स्मेअर की जांच की गई। एनीमिया, स्त्री रोग और कैंसर संबंधित विषयों पर शैक्षणिक और प्रश्नोत्तर सत्र में एनीमिया, कैंसर व टीकाकरण संबंधित शंकाओं का समाधान किया।

### क्विज के विजेता हुए पुरस्कृत

क्विज के 20 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। एडीएमओ डॉ. माला चौधरी, डां. हिमानी गुप्ता और आहार विशेषज्ञ परोमिता दासगुप्ता ने जागरुक किया। शिविर में कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविन्द्रनाथ सहित चिकित्सा अधिकारी डां. विनीता द्विवेदी, डॉ सौरव मुखर्जी व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. मनीषा कांगो सहित महाप्रबंधक शिवराजन, एस कामडे, उप प्रबंधक कमल वर्मा, महाप्रबंधक केके यादव, वरिष्ठ प्रबंधक आरके गुप्ता, सहायक प्रबंधक एके मानिकपुरी व शशि सिंह आदि उपस्थित थे।


**बिजनेस साइट**

## शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एडॉलसन हेल्थ पर हुआ सेमिनार



**भिलाई।** शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में युवा स्वास्थ्य हेल्थ के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. माला चौधरी सीनियर कंसलटेन्ट डिपार्टमेंट ऑफ नियोनेटोलोजी एंड पिडियाट्रिक्स जवाहरलाल नेहरू हॉस्पिटल, सेक्टर 9 एवं डॉ. आकांशा परगनिहा एमबीएस डीसीएच पिडिआट्रिक्स, सीएचसी अहिवारा ने किशोरावस्था जो यौवन से वयस्कता तक का समय होता है, मानव विकास का एक महत्वपूर्ण चरण है। इस दौरान शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास तेजी से होता है और किशोरो एवं किशोरियों को कई तरह की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं आजकल जो सबसे बड़ी समस्या बदलती लाइफ स्टाइल के कारण किशोरों में हार्टअटैक का खतरा उसमे सीपीआर कैसे दें, इन सभी बातों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान किशोरों को स्वास्थ्य और विकास के लिए समर्थन और शिक्षा प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इस दौरान सिंधु अनिल मेनन डायरेक्टर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कॉलेज की प्राचार्या शैलजा अनिक एवं उप प्राचार्या विनिता सत्यकुमार उपस्थित रही। उन्होने डॉ. माला एवं डॉ. आकांक्षा द्वारा दी गई जानकारी की सराहना करते हुए कहा कि किशोरावस्था में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने में हमें बच्चों का समर्थन करना चाहिए। इस सेमीनार को सफल बनाने के लिए गंगाजली ऐजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आईपी मिश्रा, अध्यक्ष जया अभिषेक मिश्रा ने बधाई दी एवं समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।

## सेक्टर नौ हास्पिटल आईसीयू वेटिंग हाल में लगा कूलर




**भिलाई।** सेक्टर-9 हॉस्पिटल के आईसीयू वेटिंग हॉल में अब मरीजों के परिजनों को गर्मी से परेशान नहीं होना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा यूनियन की मांग पर वेटिंग हाल में कूलर की व्यवस्था कर दी गई है। बीएसपी वर्कर्स यूनियन (बीडब्ल्यूयू) के पदाधिकारियों ने जेएलएन हास्पिटल सेक्टर नौ के जीएम शाहिद अहमद से मिलकर अस्पताल के आईसीयू के वेटिंग हाल में कूलर नहीं होने से मरीजों के परिजनों को हो रही परेशानी संबंधी शिकायत से अवगत कराया था। यूनियन के अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता ने बताया कि जीएम ने शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए वहां कूलर की व्यवस्था करवा दी है। इससे मरीजों के परिजनों को भारी गर्मी में उमस से राहत मिलेगी। आईसीयू के वेटिंग हाल में अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिवार के लोग चौबीस घंटे रहते हैं।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरुकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्केन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# ग्रामीण में एक किमी व शहर में 500 मीटर की दूरी वाले सरकारी स्कूल होंगे मर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले के स्कूलों व अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण की तैयारी कर ली गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 1 किलोमीटर से कम दूरी एवं 10 से कम नामांकन वाले स्कूल और शहरी क्षेत्रों में 500 मीटर की दूरी के भीतर स्थित 30 से कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के लिए चिन्हित किया जाएगा। पाटन विकासखण्ड में ऐसे दो स्कूल चिन्हित किए गए हैं, जहां दर्ज संख्या कम हैं। इस प्रक्रिया से स्वामी आत्मानंद स्कूल और पीएमश्री विद्यालय बाहर रहेंगे।

## कलेक्टर ने ली शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के संबंध में बैठक

### ये शिक्षक होंगे अतिशेष

प्राथमिक शालाओं में 60 विद्यार्थियों पर एक प्रधानपाठक और सहायक शिक्षक तथा प्रत्येक 30 विद्यार्थियों पर एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक की नियुक्ति होगी। इसी तरह पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात के आधार पर नियुक्ति एवं युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। विशेष रूप से हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में एक विषय के लिए स्वीकृत पद से अधिक व्याख्याता कार्यरत हैं, उनमें कनिष्ठ व्याख्याताओं को अतिशेष मानते हुए स्थानांतरित किया जाएगा। यदि किसी विद्यालय में अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं, तो वहां के नियमित व्याख्याता को अतिशेष की श्रेणी में रखा



**कलेक्टर ने कहा पूर्ण पारदर्शिता**

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार दुर्ग जलि में शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम धमधा सोनल डेविड सहित शिक्षा विभाग अधिकारी अरविंद मिश्रा व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पूरी प्रक्रिया को शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षकों की उपलब्धता बच्चों की संख्या के अनुपात में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### युक्तियुक्तकरण के लिए समिति गठित

राज्य शासन के निर्देशों के तहत जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति की अध्यक्षता कलेक्टर अभिजीत सिंह करेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीएमओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य रहेंगे। विकासखण्ड स्तरीय समिति की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करेंगे तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे। शालाओं और अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन कर सूची तैयार करना, रिक्त पदों की सही जानकारी एकत्र करना और उसे प्रमाणित करना समिति का दायित्व होगा। यह भी निर्देश दिए गए कि युक्तियुक्तकरण योग्य शालाओं की सूची का परीक्षण किया जाए और प्रक्रिया को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए।

## खबर संक्षेप



### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मेन रोड हरदी मोड़ ग्राम नंदिनी खुंदनी में गांजा बेचने की शिकायत मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेरांबदी कर युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर सुभाष नगर कैम्प 1 छावनी निवासी कृष्णा ठाकुर होना स्वीकार किया। आरोपी के पास से बैगके थैले में 4.284 कि.ग्रा. गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई नंदिनी प्रभारी मनीष शर्मा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट की

**भिलाई।** राहगीरों के साथ लूटकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक 4 मई की रात अमित सिंह नामक युवक स्कूटी जा जा रहा था। इस दौरान लूट गैंग के युवकों ने उसे रोक कर जमकर पिटाई कर दी। युवक को घायल करने के बाद स्कूटी की चाबी निकाल ली और मोबाइल, पैसा लूटकर फरार हो गए। अमित के मुताबिक जिस मोबाइल को आरोपी लूट कर लेकर गए। जीमेल उनकी मां के मोबाइल में लॉगिन था। अमित ने जैसे ही मेल लॉगिन किया उसकी मां के मोबाइल में अज्ञात शख्स को पीटने का वीडियो बैकअप के रूप में अपलोड हुआ। वीडियो उसके साथ हुई लूट की वारदात के एक दिन बाद का है। मोबाइल से ही वीडियो आरोपियों ने बनाया। इसलिए जैसे ही उसने अपना जीमेल दूसरे फोन में लॉग इन किया वो वीडियो उसमें आ गया। घायल युवक टेंट हाउस में काम करता है। अमित 4 मई को वो टेंट का काम से कुम्हारी गया था और रात 10 बजे वहां से अपनी स्कूटी लेकर नंदिनी रोड लौट रहा था। जैसे ही खुर्सीपार थाने के सामने अपनी साइड में पहुंचा तीन चार युवक नीले रंग की स्कूटी से आए और उसकी स्कूटी के आगे अपनी स्कूटी लगाकर उसे रुकवा लिया। स्कूटी रोकते ही युवकों ने अमित को बुरी तरह मारा। आरोपी के खिलाफ 126(1) 304(2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। आरापी को पुलिस ने अब तक गिरफ्तार नही कर पाई है।

## वायुसेना के नवपदस्थ डिप्टी चीफ नर्मदेश्वर तिवारी का भिलाई से है पारिवारिक रिश्ता

# पाक के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करने में नए वाइस एयरचीफ मार्शल की रहेगी अहम भूमिका

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

शहर के ग्रीन एंड क्लीन कालोनी के एक खूबसूरत घर के ड्राइंगरुम में चार साल से एक खाली कुर्सी रखी हुई है। सामान्य सी दिखने वाली यह आराम कुर्सी कोई आम नहीं बल्कि खास चेयर है, जिसे लाडले बेटों ने अपने दिवंगत पिता के सम्मान और यादों के रुप में बतौर अनमोल धरोहर संजोकर रखा है। मानो पिता आज भी इस पर बैठे हमेशा की तरह आशीर्वाद देते हुए कह रहे हों-बेटे तुम्हें पाक के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करने की, देश ने जो बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है, उसमें तुम जरुर कामयाब होकर लौटोगे। ऐतिहासिक कामयाबी की खुशखबरी सुनने मैं तुम्हारा इंतजार करुंगा...। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की छाया के दौरान कारगिल युद्ध में विजय दिलाने में अहम किरदार निभाने वाले भारतीय वायुसेना के नव पदस्थ वायस एयर चीफ मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी की नई भूमिका से पूरा देश खुश है। लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य और गर्व होगा कि वायुसेना के इस फौलादी डिप्टी चीफ का इस्पात नगरी भिलाई से गहरा नाता है। देश में संकट के दौर में बतौर संकटमोचक श्री तिवारी को वायसेना उप प्रमुख बनाए जाने से यहां उनके परिजनों सहित कालोनी में खुशी व्याप्त है और कालोनी भारत माता के जयघोष से गूंज रही है। परिजनों को इस बात का फक्र और यकीन है कि हमारी बहादुर सेना और सरकार जल्द पहलगाम कश्मीर में 27 देशवासियों की नृशंस हत्या करने वाले दुश्मन देश को ऐसा कठोर सबक सिखाएगी कि वह फिर सर उठाने के लायक नही रह जाएगा।

दो मई को एयर मार्शल से वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार ग्रहण करने वाले नर्मदेश्वर तिवारी का भिलाई से पारिवारिक रिश्ता है। इस अहम पद को संभालते ही देश के साथ यहां उनके परिजनों में भी खुशी के साथ उनकी अपूर्व देशभक्ति, शौर्य और हवाई रण कौशल नेतृत्व की चर्चा सरगर्म हो चली है। बहादुरी का पर्याय माने जाने वाले श्री तिवारी फेरोस्क्रैप निगम लि. (एफएसएनएल ) भिलाई के रिटायर वरिष्ठ अधिकारी निगम तिवारी के छोटे भाई हैं और वे यहां कई बार आते रहे हैं। बड़े भाई श्री तिवारी और उनकी धर्म पत्नी दुर्गा तिवारी बताते हैं कि ऐसे महत्वपूर्ण वक्त में हमारे परिवार के लाल को उनकी काबिलियत के अनुरुप इतने बड़ी जिम्मेदार मिलने से अतीव प्रसन्नता के साथ पूरा विश्वास है कि हमारी फौज द्वारा पाक को जमीन चटाने में हमारे कुल दीपक की बड़ी भूमिका रहेगी। मूलतह ग्राम श्रीकरपुर गुठनी प्रखंड जिला सीवान बिहार के रहने वाले नए वायस एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी के पिता स्व. चंद्रमौली प्रसाद तिवारी सेल बोकारो स्टील प्लांट में अधिकारी रहे और 70 के दशक में डेपुटेशन में कुछ साल भिलाई इस्पात संयंत्र में भी कार्यरत थे। सेवानिवृत्ति बाद वे एफएसएनएल में कार्यरत अपने मंझले पुत्र निगम तिवारी के साथ सूर्यविहार स्मृतिनगर निवास में ही रहते थे। 2009 में उनका निधन हुआ। प्रतिष्ठित तिवारी परिवार के ज्येष्ठ पुत्र (पुणे) कस्तूरी तिवारी भी फौज में ब्रिगेडियर और पत्नी अंजना तिवारी भी सेना में सेना में डाक्टर थीं, दोनों रिटायर हो चुके हैं। एयर फोर्स के डिप्टी चीफ नर्मदेश्वर तिवारी के यहां निवासरत बड़े भाई निगम तिवारी ने हरिभूमि से अपनी गर्वान्भूति साझा करते हुए बताया कि छोटे भाई नर्मदेश्वर को देश रक्षा की सेवा के लिए इतने बड़े पद पर इतने अहम वक्त में देखना सचमुच हमारे पूरे परिवार ही नहीं बिहार व देश के लिए गर्व व खुशी का पल है। वे बचपन से ही पढ़ाई में जिनियस व बहादुर होने के साथ देशभक्ति के लिए फाइटर पायलट बनना चाहते थे।

### परिजनों ने उनके संघर्ष व देशभक्ति के योगदान को हरिभूमि से किया साझा





### बचपन से होशियार व बनना चाहते थे पायलट

वायुसेना के 37 वर्ष के करियर में एयर मार्शल तक बेहद कुशल एयर आफिसर के रुप में कारिगल विजय सहित कई अभियानों में महती व साहसिक योगदान ने वाले वायुसेना के उप प्रमुख श्री तिवारी पढ़ाई में बचपन से ही बेहद होशियार थे, लेकिन घंटों नहीं पढ़ते थे। बड़े भाई निगम तिवीर बताते हैं कि सेंटजेवियर स्कूल बोकारो में हम तीनों भाई साथ टिफिन खाते और नर्मदेश्वर फटाफट खाकर 6 पीरियड में 3 का होमवर्क स्कूल में ही कर डालते थे और घर जाकर खूब खेलते थे। उन्होंने चौथी क्लास में पिताजी के पायलट दोस्त मिलिट्री कालेज में एडमिशन एक्जाम की प्रक्रिया पूछ 5 वीं में टफ टेस्ट में चयनित होकर आरईएमसी देहरादून सहित यूपीएससी,एनडीए (नेशनल डिफेंस अकादमी) पुणे मे टांप किया और यहां 7 गोल्ड मेडल भी हासिल किए। एयर कमांड स्टाफ कालेज एमईए अमेरिका से भी पढ़ाई की। उन्हें खाने में वेज डिशेज और किताबें पढ़ने का व क्रिकेट का शौक शौक है। लेकिन वे प्लेन उड़ाना प्रोफेशन नही देश सेवा व पैसन मानते हैं। उन्हें 3600 घंटे तक फाइटर प्लेन उड़ाने का अनुभव है।

### कारिगल की तरह पाक को सिखाएंगे सबक

एयर फोर्स वायस चीफ आफ एयर स्टाफ नर्मदेश्वर तिवारी के 1999 में बतौर एयर मार्शल कारगिल युद्ध में जान जोखिम में डालकर बहादुराना योगदान से विजय दिलाने में अहम भूमिका को याद कर परिजन भावविभोर हो जाते हैं। भाई निगम तिवारी बताते हैं कि बमवर्षक विमानों के विंग के साथ पाक सेना पर बम गिराने जाने के पूर्व भाई ने हमें भी यहां फोन कर शुभकामनाएं मांगी थीं। पिता ने बहादुरी से कामयाबी से देशसेवा के लिए सकुशल लौट आने हौसलाआफजाई की थी। जब विजय की खबर मिली तो पूरे देश के साथ हम सबकी खुशी का ठिकाना नहीं था। हमारी सेना कारगिल की तरह आंतकी पाक बहादुरी से धूल चटाएगी। डां.राजेंद्र प्रसाद का धरती नर्मदेश्वर तिवारी को राष्ट्रपति आर कोविंद से अतिविशिष्ट वीरता पदक लेते व राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से डिप्टी चीफ एयरफोर्स की जिम्मेदारी लेते हुए देखने के बाद अब यहां तिवारी परिवार को पाक को सबक सिखाने के बाद अब उन्हें दोहरी उपलब्धी की खुशी के साथ भिलाई आने का इंतजार है।

## परिजनों के साथ जबरन मारपीट कर अपहरण करने वाले गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

परिजनों के साथ मारपीट कर अपहरण कर ले जाने वाले 11 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 140(3),296,351(3), 115(2), 190, 191(2) बी.एन.एस. के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि राजेन्द्र कुमार शर्मा अपनी कार से रायपुर से घर लौट रहे थे। इस दौरान ग्राम अकोला में उनकी कार मवेशी टकरा जाती है। सामने खडे बाइक सवार युवक पीड़ित के कार को रुकवाया। उसके बाद उनके साथ मारपीट कर बाइक पर अपहरण कर जबरन परिजनों को साथ लेकर गए। इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित की पत्नी प्रणिता शर्मा का बाल पकड़क़र खींचने और बेटी के साथ भी मारपीट का प्रयास किया गया।

- कुम्हारी पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना
- कार मवेशी से टकराने के बाद हुई घटना

परिजनों को जान से मारने की धमकी गौतम सेन और उसके साथी विक्की चक्रधारी,परशुराम साहू ने दिया। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही। कुम्हारी पुलिस ने कमल साहू,गौतम सेन,विक्की चक्रधारी, परशुराम साहू, ,बोधन लाल साहू, मुकेश साहू, नारद निषाद, रामगोपाल निषाद, कैलाश साहू, उवेश साहू, राजकुमार नेताम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्रवाई में कुम्हारी थाना प्रभारी जनक राम कुर्रे और उनकी टीम का योगदान रहा है।

# राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अर्जित किए 16 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के एथलीटों ने कर्नाटक के मैसूर स्थित चामुंडी विहार स्टेडियम में 44वीं राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन वेटरन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। इंजीनियरिंग एसोसिएट भगवत राम नेताम, जो मैराथन धावक भी हैं, ने 50 प्लस आयु वर्ग में भाग लेते हुए 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 1500 मीटर की दौड़ों में रजत पदक तथा 800 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता। उन्होंने पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। वहीं इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रवीण कुमार चाफले ने 50+ आयु वर्ग में प्रदर्शन किया व चार पदक अर्जित किए। इनमें 100 मीटर हर्डल दौड़ में रजत, 200 मीटर हर्डल दौड़ में कांस्य, 4x100 मीटर रिले में रजत, तथा 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक अर्जित किया। श्री चाफले पूर्व में भी पांच राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट सुरेश कुमार ने 45 प्लस आयु वर्ग में 500 मीटर की दौड़ में रजत पदक जीतकर संयंत्र की उपलब्धियों में और वृद्धि की। साथ ही चिकित्सालय परिचारक ज्ञान सिंह, जिन्होंने 50 प्लस आयु वर्ग में भाग लिया, ने भी अनुकरणीय एथलेटिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ में रजत, लंबी कूद में कांस्य, तथा 4 गुना100 मीटर रिले में रजत पदक प्राप्त किए। पूर्व कर्मियों में, सीओ एवं सीसीडी विभाग के पूर्व कर्मचारी श्री देवधर राम ठाकुर, जिन्होंने 65+ आयु वर्ग में भाग लिया, ने 5000 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किए। उन्हें हाल ही में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य खेल अलंकरण सम्मान – 2024 तथा शहीद विनोद चौबे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एसएमएस-2 के पूर्व कर्मचारी श्री भीखू राम ने 70 प्लस आयु वर्ग में ट्रिपल जंप तथा लंबी कूद में रजत पदक जीतकर संयंत्र का नाम रोशन किया। उन्हें भी शहीद विनोद चौबे पुरस्कार समेत अनेक राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सम्मानों से सम्मानित किया गया है।

- वेटरन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने किया था प्रतियोगिता का आयोजन



### विजेताओं की हौसला आफजाई

इन सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर बीएसपी के प्रबंधन, क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों विजेता एथलीटों की प्रतिबद्धता की सराहना की है।खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा, महाप्रबंधक दिलीप कुमार सामंतराय, पूर्व उप महाप्रबंधक एसआर जाखड़, एनआईएस कोच अनिरुद्ध, एनआईएस कोच शिव भंडारी, बास्केटबॉल कोच श्री दामोदरन व हरीश पटेल ने भी सराहना की।

### घर में घुसकर किया मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** घर में घुसकर मारपीट कर घायल करने वाले युवको के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मैं क्वार्टर 1/बी सडक नंबर 27 सेक्टर 9 निवासी ललिता बाघ के यहां 5 मई को बेटा प्रांशु बाघ घर पर सोया हुआ था। इस दौरान रात 10.30 बजे खटखटाने पर दरवाजा खोलने पर जस्सु को पकडकर मारपीट क लिंगराज अपने चार पांच युवकों से साथ आया था। युवकों के हाथो मे धारदार चाकू थे। दरवाजा खोलते ही लिंगराज अपने युवकों के साथ घर में घुसकर प्रांशु के साथ मारपीट करने लगा। उसे छुड़ाने के लिए पति गंगाराम प्रयास किया लेकिन युवकों ने जबरन गाली गलौज कर हमला कर मौके से फरार हो गए। घटना में प्रांशु और उसके दोस्त जस्सु को चोट आई है। दोनों को उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल भेजा गया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## भिलाई निगम में कांट्रेक्टर कॉलोनी में आयोजित किया शिविर

# सुशासन तिहार में दिव्यांग को मिली बैसाखी, 286 आवेदन निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड क्रं. 18 कांट्रेक्टर कालोनी मैदान में शिविर आयोजित किया गया। सुशासन तिहार 2025 में नागरिकों द्वारा पूर्व से आवेदन में मांग एवं शिकायत किया गया था। जिसका संबंधित विभाग द्वारा निराकरण कर आज शिविर में संबंधित आवेदकों को जानकारी दी गई। उनसे पूछा गया कि जो भी आपके द्वारा आवेदन किया गया था, उसका निराकरण कर दिया गया है, जिससे वह संतुष्ट है कि नहीं। साथ ही नागरिक का किसी प्रकार की मांग एवं शिकायत है, उसका आवेदन भी जमा किया जा रहा है। सुशासन तिहार में संबंधित वार्डो के कुल मांग के 220 एवं शिकायत के 72 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें मांग के 218 एवं शिकायत के 68 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। शेष 6 आवेदन और बाद में 15 आवेदन प्राप्त हुए है, उसका निराकरण कर आवेदक को सूचित कर दिया जायेगा।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सभापति गिरवर बंटी साहू जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे। शिविर में बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी दिव्यांग देवराज द्वारा सुशासन तिहार में बैशाखी के लिए आवेदन किया गया । जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग के तरफ से समाधान शिविर में तत्काल बैशाखी प्रदान किया गया। इसी प्रकार जिन नागरिको का मांग एवं शिकायत था, उसे मौके पर निरीक्षण करके आवश्यकता अनुसार तत्काल पूरा किया जा रहा था। पुनः आवेदन हेतु शिकायत एवं मांग पेटी रखा गया था, जिसमें नागरिक अपने समस्या अनुसार आवेदन डाल रहे थे । वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन समाधान शिविर में पहुंचकर अपने आधार को अपडेट करवाएं । सभी काउंटर पर पहुंच करके जानकारी प्राप्त किये किस प्रकार के आवेदन आए हैं। उसका निराकरण क्या-क्या हुआ है। समाधान शिविर में उपस्थित कमलाबाई साहू से पूछे अम्मा आपके खाते में पेंशन आ रहा है कि नहीं वह बोली महतारी वंदन का 1000 रुपए आ रहा है। नागरिकों से कहें यह शिविर हमारी सरकार द्वारा जनता को सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगाया गया है। इसमें आप सभी अपनी जो भी समस्या है, उसका आवेदन देकर निराकरण करा सकते है।





online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 7 मई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



पुर्तगाल की खूबसूरती

## लाइव इवेंट

### सरयूपारीण ब्राम्हण समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन 11 को, सदस्यों को सौंपी रही जिम्मेंदारी



**भिलाई।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई दुर्ग कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यकारिणी सदस्य और स्थाई आमंत्रित सदस्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महासचिव राम लखन मिश्र ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज की वार्षिक आमसभा और समाज द्वारा पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन 11 मई को विवेकानंद भवन, स्मृति नगर में आयोजित किया जाएगा। सुबह 10.30 बजे वार्षिक आमसभा होगी और दोपहर 2.30 बजे समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेयज होंगे। विशेष अतिथि राजीव चौबे, अध्यक्ष स्मृति नगर गृह निर्माण समिति और मुख्य वक्ता डॉक्टर विजय दुबे, बेमेतरा और अतिथि सरयू पारीण ब्राम्हण समाज रायपुर अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश शुक्ला कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में सभी सरयुपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग के सदस्यों से शामिल होने सदस्यों को निमंत्रण दिया गया है।

आज हुई बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा तय करते हुए सभी को जिम्मेंदारी सौंपी गई और अन्य विषय पर चर्चा भी की गई। इस दौरान सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रकोष्ठ व पत्रिका प्रकाशन प्रभारी नागेंद्र पांडे ने भी अपने विचार रखते हुए व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैठक मे विष्णु पाठक, चंद्र शेखर पांडे, नागेंद्र पांडे, कैलाश पाठक, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि प्रभा मिश्रा, नर्मदा प्रसाद मिश्र, जगत नारायण तिवारी, रामबिलास मिश्रा, राधा कृष्ण पांडे, सुनील मिश्र, दिनेश मिश्र, शंकर चरण पांडे, संजय मिश्रा, दीपक मिश्रा सहित समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव : कायस्थों की यही पहचान कलम दवात और सोच महान के नारों से गूंजा

# नाट्य मंचन... ब्रह्मा जी की काया से निकले चित्रगुप्त, अयोध्या उत्सव का नहीं मिला निमंत्रण तो कलम-दवात त्यागा, रामजी पहुंचे खुद मनाने

कायस्थ सभा द्वारा भगवान चित्रगुप्त का प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर भ्रमण को शोभायात्रा निकाली गई। कसारीडीह स्थित सामाजिक भवन में उनके जीवन पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान रोचक कथा को मझे हुए कलाकारों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। नाटक में दर्शाया कि भगवान चित्रगुप्त भगवान ब्रह्मा की काया से प्रकट हुए। वे भगवान ब्रह्मा के हृदय में रहते थे। एक बार की बात है, जब भगवान राम ने रावण का वध किया और अयोध्या लौटे, तो पूरे विश्व में लोगों को निमंत्रण भेजा गया। इस काम की जिम्मेदारी गुरु वशिष्ठ को सौंपी गई, लेकिन अपरिहार्य कारणों से गुरु वशिष्ठ भगवान चित्रगुप्त को निमंत्रण देना भूल गए। इससे भगवान चित्रगुप्त ने कलम-दवात का त्याग कर दिया। 24 घंटे तक उन्होंने कलम-दवात को छुआ तक नहीं, जब इसकी हलचल हुई, तो नारद मुनि उनसे मिलने पहुंचे। नारद को चित्रगुप्त ने पूरी घटना बताई। इसके बाद नारद भागते हुए भगवान राम के पास पहुंचे, और घटना के बारे में जानकारी दी। इसके भगवान राम तुरंत चित्रगुप्त से मिलने पहुंचे, माफी मांगी। इसके बाद चित्रगुप्त ने पुनः जीवन का लेखा-जोखा लिखना शुरू किया। इस प्रसंग के मंचन ने खूब तालियां बटोरी।






**दुर्ग।** आयोजित कार्यक्रम में कायस्थ सभा के अध्यक्ष राजेश महावीर श्रीवास्तव और सचिव सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि पूरा समाज आयोजन में शामिल हुआ। कसारीडीह स्थित कायस्थ सभा भवन से शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा केलाबाड़ी चौक तथा सुराना कॉलेज होते हुए वापस चित्रगुप्त मंदिर में समाप्त हुई। भव्य शोभा यात्रा के दौरान चित्रगुप्त के रूप में रथ पर अक्षत श्रीवास्तव एवं अन्य बच्चे विराजमान थे। भगवान चित्रगुप्त की आदमकद तस्वीर के साथ चल रही शोभायात्रा में कायस्थ समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने भजनों के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। रंगीन वेशभूषा में शोभा यात्रा में चल रहे सभी लोगों ने रास्ते में सबका ध्यान आकर्षित किया।शोभायात्रा के दौरान सुधीर श्रीवास्तव और रश्मि श्रीवास्तव ने सभी को ठंडा पेय पिलाया। इसके बाद चित्रगुप्त मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। बोरसी के बृजेश श्रीवास्तव मुख्य जजमान थे। मार्मिक चित्रण नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नृत्य नाटिका में 6 वर्ष से लेकर 75 वर्ष तक के कलाकारों ने भगवान चित्रगुप्त की प्रचलित कहानियों को जीवंत किया। नाटक का निर्देशन डॉ. सरिता श्रीवास्तव, स्टोरी राइटिंग आराधना खरे, स्क्रिप्ट राइटिंग प्रशांत श्रीवास्तव, परिकल्पना अनुराधा बक्शी, वेशभूषा संयोजन अनिल श्रीवास्तव और अनूप खरे का रहा। मेकअप का कार्य पूनम, शालिनी और सुप्रिया वर्मा ने किया। रुचि सक्सैना, शोभा श्रीवास्तव, अनूप खरे, शालिनी श्रीवास्तव, डॉ. सरिता श्रीवास्तव, आराधना खरे, रश्मि श्रीवास्तव, हेमा, नेहा, अक्षत, संतोष खरे, प्रशांत ने अभिनय किया।

### समाज की प्रतिभाएं हुईं सम्मानित, कलाकार भी पुरस्कृत



इस अवसर पर कायस्थ समाज ने सामाजिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया। नाटक में प्रस्तुति देने वाले कलाकार पुरस्कृत किए गए। इस अवसर पर नंदूलाल श्रीवास्तव, राधेश्याम, संजीव व्यवहार, आरके वर्मा, पीबी सक्सेना, राकेश, रजनीश श्रीवास्तव, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। समाज के लोगों द्वारा सामाजिक भवन के लिए आर्थिक सहयोग के साथ जरुरत के सामान भी दान स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं ने सहभागिता निभाई। समारोह के अंत में अध्यक्ष राजेश महावीर, सचिव सुमित श्रीवास्तव एवं सांस्कृतिक सचिव प्रशांत श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सिटी इवेंट

### इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग की टेक्निक से युवाओं को बनाएंगे हुनरमंद, बैठक में निर्णय



**भिलाई।** इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग (ट्रिपल आईई) भिलाई चैप्टर की आवश्यक बैठक भिलाई निवास में हुई। बैठक में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक क्षेत्र का विस्तार करते हुए इसका उपयोग बच्चों को हुनरमंद बनाने एवं उनकी बौद्धिक गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया गया। बैठक में चैप्टर की आगामी कार्य योजना एवं सामाजिक दायित्वों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में कई अन्य जरूरी प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीएसपी के पूर्व महाप्रबंधक और भिलाई चैप्टर के पूर्व चेयरमैन एचके देसाई ने की। देसाई ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के उत्कृष्ट परिचालन, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग, उत्पादकता में वृद्धि एवं लागत में कमी आदि क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसे और अधिक बेहतर और सुदृढ़ किए जाने की जरुरत है। वाइस चेयरमैन घनश्याम देवांगन ने इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक का उपयोग कर सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे सभी तरह की गतिविधियों की कार्यक्षमता में वृद्धि, लागत में कमी और उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है। इसका घरेलू जिंदगी से लेकर कृषि, व्यापार, उद्योग धंधे आदि में भी व्यापक उपयोग संभव है। इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक का उपयोग बच्चों को हुनरमंद बनाने एवं उनकी बौद्धिक गुणवत्ता बढ़ाने में भी किया जाएगा। ताकि बच्चों में बेहतर समझ पैदा हो एवं नए आइडियाज आ सके और वे बचपन से ही समस्याओं को सुलझाने एवं सुव्यवस्थित जीवन शैली अपनाने की आदत डाल सकें।

- इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग भिलाई चैप्टर की बैठक

### इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग पर जारी है रिसर्च

नागेश्वर राव ने बैठक में जानकारी दी कि वे इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग पर एक शोधपत्र लिखने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस रिसर्च का फायदा आने वाले समय में युवाओं को मिलेगा। करियर गाइडेंस के लिए यह मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में संस्था के सचिव अवनीश दुबे, कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता, सीनियर इंजीनियर कमलेशकुमार गुप्ता, बीके सराफ, संतोष अग्रवाल, वीके सिंह, नागेश्वर राव, देवेन्द्र पाल सिंह बराड़, कांतिलाल विश्वकर्मा सहित सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में आगामी दिनों में इस विषय को लेकर पुनः बैठक किए जाने की भी जानकारी दी गई।

# श्रीराम सिंधी पंचायत का 12 को होगा निर्वाचन चुनाव अधिकारी ने दी नियमों की जानकारी



**भिलाई।** श्रीराम सिंधी पंचायत वैशाली नगर के अध्यक्ष पद के लिए हो रहे चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। चुनाव के संबंध में पंचायत के सदस्यों की आम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चुनाव अधिकारी हेमन कुमार नागदेव, गोविंद धनवानी और शिवन दास रमानी प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने चुनाव से जुड़े नियम और गाइडलाइन की जानकारी दी। समाज के लोगों ने चुनाव प्रक्रिया को समाज के लिए जरूरी बताया। सदस्यों ने हर तीन साल में इस तरह के चुनाव होते रहे सुझाव दिया। इस बैठक में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार घनश्याम बक्तयानी व दिलीप पवानी ने अपना अपना परिचय देकर समाज के विकास पर अपने अपने विचार रखे। घनश्याम बक्तयानी ने भविष्य में रचनात्मक कार्य करने की बात कही। उम्मीदवार दिलीप पवानी ने समर्पण संस्था में हो रहे कार्यों का बखान किया। चुनाव अधिकारी हेमन नागदेव ने समाज मे सौहार्दपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने व सिंधी एकता पर अपने विचार रखे। चुनाव अधिकारी ने चुनाव की घोषणा करते हुए बताया कि चुनाव 12 मई सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सिंधु भवन में होगा। बैठक में लक्ष्मण बक्तानि, प्रकाश मदनानी, कन्हैया बत्रा, धर्मदास बत्रा, जय गेहानी, पंडित रामचन्द, नंद लाल डिंगा, हेमंत अम्बवानी, पवन केसवानी, मनीष जग्यासी सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को मिला बीमा

**दुर्ग।** बैंक ऑफ़ इंडिया इंदिरा मार्किट शाखा ने ग्राहक सेवा मीटिंग का आयोजन किया। इसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को 2लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। शाखा के अधिकारी लोकेश कुमार ठाकुर और मुख्य प्रबंधक ईश्वरचंद गुप्ता ने सरकारी योजनाओं के बारे में ग्राहकों को जानकारी दी। इसका लाभ उठाने कहा। अधिकारियों ने बताया कि मृतक संतोष निषाद की मृत्यु के बाद उनके भाई प्रदीप कुमार निषाद के खाते मे 4 दिन में ही 2 लाख रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। इसी प्रकार मृतक संध्या यादव की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हुई थी, जिनका दोनों बीमा हुआ था। सुरेश यादव नॉमिनी थे। उनका दोनों बीमा का 4 लाख रुपए प्रदान किया गया। इसी प्रकार एक अन्य मामले में मृतक टेमन सिंह पटेल के मृत्यु के बाद उनके पिता शम्भू पटेल को 2 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई।




## सीआईसीएएसए ने अर्धदिवसीय सेमिनार ऑन टीडीएस पर आयोजित की कार्यशाला

# स्टूडेंट्स ने जाना टैक्स डिडक्शन को, टीएएन, पैन की आवश्यकता व ट्रेसेस पोर्टल के उपयोग को भी समझा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की भिलाई शाखा के अधीन सीआईसीएएसए ने अर्धदिवसीय सेमिनार ऑन टीडीएस पर युवाओं के लिए एक जरूरी कार्यशाला का आयोजन किया। आईसीएआई भवन सिविक सेंटर में आयोजित इस कार्यशाला में विशेष रूप से कामर्स के स्टूडेंट्स को टीडीएस और टैक्स डिडक्शन से जुड़ी जानकारियां दी गई। इसके अलावा टैक्सेसन को लेकर युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता सीए भूपेश चौबे ने टीडीएस रिटर्न्स, टीएएन और पैन की आवश्यकताओं, ट्रेसेस पोर्टल के प्रयोग, सामान्य त्रुटियाँ और उनके समाधान, तथा हालिया विधिक परिवर्तनों पर विस्तृत चर्चा की। छात्रों ने सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया। कार्यशाला में टीडीएस रिटर्न्स का परिचय दिया गया। टीएएन व पैन आवश्यकताएं, पोर्टल का व्यावहारिक उपयोग, सामान्य त्रुटियां और उनसे बचाव, नवीनतम नियम और अनुपालन टिप्स दिए गए।



### युवाओं में बढ़ रहा कामर्स सब्जेक्ट का क्रेज जानकारी लेने पहुंच रहे

पिछले कुछ समय में युवाओं में कामर्स एजुकेशन का क्रेज बढ़ रहा है। आगामी दिनों में 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित होने वाले हैं। इसे लेकर अभी से स्टूडेंट्स कोचिंग सेंटर और सीए इंस्टीट्यूट पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों का भी मानना है कि स्टूडेंट्स में कॉमर्स स्ट्रीम की ओर रूझान बढ़ा है। एक रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख है, जिसमें बताया गया है कि छात्रों की दिलचस्पी कॉमर्स में बढ़ रही है। हालांकि, रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि यह रूझान किस क्षेत्र विशेष में है या किस वजह से है। बहरहाल इसे लेकर भिलाई में नियमित रूप से जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। आयोजित कार्यशाला में चेयरमैन प्रतीक अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। संचालन अनिमेष प्रजापति ने किया। गौरव अग्रवाल, तलविंदर सिंह सैनी, अंजनी कुमार सिंह, दीक्षा गणेशानी विशेष रूप से मौजूद थे।

### कार्यशाला में टीडीएस और टीसीएस के बारे में दी जानकारी

एक्सपर्ट्स ने टीडीएस और टीसीएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टैक्स डिडक्शन ऐट सोर्स और टैक्स कलेक्शन ऐट सोर्स टैक्स वसूल करने के दो तरीके हैं। टीडीएस का मतलब स्रोत पर कटौती है। टीसीएस का मतलब स्रोत पर टैक्स कलेक्शन से है। दोनों ही मामलों में रिटर्न फाइल करने की जरूरत होती है। हम आपको इनके बारे में बता रहे हैं। टीडीएस अगर किसी की कोई आय होती है तो उस आय से टैक्स काटकर अगर व्यक्ति को बाकी रकम दी जाए तो टैक्स के रूप में काटी गई रकम को टीडीएस कहते हैं। सरकार टीडीएस के जरिए टैक्स जुटाती है। इसी प्रकार टीसीएस टैक्स कलेक्टेड ऐट सोर्स होता है। इसका मतलब स्रोत पर एकत्रित टैक्स होता है। इसका भुगतान सेलर, डीलर, वेंडर, दुकानदार की तरफ से किया जाता है। हालांकि, वह कोई भी सामान बेचते हुए खरीदार या ग्राहक से वो वसूलता है। वसूलने के बाद इसे जमा करने का काम सेलर या दुकानदार का ही होता है।



इनकम टैक्स एक्ट की धारा 206C में इसे कंट्रोल किया जाता है। कुछ खास तरह की वस्तुओं के विक्रेता ही इसे कलेक्ट करते हैं। इन वस्तुओं में टिंबर वुड, स्क्रैप, मिनरल, तेंदु पत्ते शामिल हैं। इस तरह का टैक्स तभी काटा जाता है जब पेमेंट एक सीमा से ज्यादा होता है।कार्यक्रम के समापन ज्ञापन प्रखर संचेती ने प्रस्तुत किया। बताया गया कि सीआईसीएएसए भिलाई का यह सार्थक प्रयास छात्रों को पुस्तक से पेशेवर मंच तक की यात्रा में एक मजबूत कदम प्रदान करता है।

## सिटी इवेंट

# राष्ट्र को समर्थ एवं शक्तिशाली बनाने 12 को गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ



■ दुर्ग-भिलाई में पांच हजार घरों में होंगे हवन

**भिलाई।** राष्ट्र को समर्थ एवं सक्तिशाली और विश्वकल्याण के लिए 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में विश्वस्तरीय गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रामनगर मुक्तिधाम क्षेत्रों में गायत्री यज्ञ कराने के साथ ही पूर्वव्यवस्था बनाने के लिए गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान के कार्यकर्ताओं द्वारा बैठक की गई। बैठक में सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पुरे विश्व में चौबीस लाख घरों में गायत्री यज्ञ, गायत्री मंत्र साथ ही चौबीस लाख घरों में देवस्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है। गायत्री परिवार उप जोंन कार्यालय भिलाई द्वारा दुर्ग-भिलाई सहित अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन पांच हजार घरों में एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ कर इन घरों में देवस्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है। यज्ञ सम्पन्न कराने गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6 स्थित उप जोंन कार्यालय और संबंधित गायत्री प्रज्ञापीठों में महिला- पुरुष कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो भी व्यक्ति या श्रद्धालु अपने घरों अथवा सार्वजानिक स्थानों में जनकल्याण के लिए इस अभियान के तहत गायत्री यज्ञ करवाना चाहते हैं वे 10 मई तक अपने नजदीकी गयात्री मंदिरों अथवा गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं से संपर्क करें। जिससे समयपूर्व साधन -सामग्री की व्यवस्था बनाई जा सके। यज्ञ कार्यक्रम आधे घंटे का होगा। गृहे - गृहे गयात्री यज्ञ निःशुल्क होगा। आयोजकों ने बिना रसीद के किसी भी व्यक्ति को दान की राशि प्रदान न करने को कहा है। बैठक में संस्थान के बी.आर. श्रीवास, मोहन उमरे, श्याम विश्वकर्मा, दयालाल साहू, पेखन साहू, परिवाजक रवि नाथ राजकुमार ठाकुर, मन्नूलाल, अजीत सोनबोइर, यामनी सोनबोइर, दिलेश्वर साहू, शिवप्रकाश वस्त्रकार, उषा लता, इन्दु ठाकुर, कीर्तन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

● ब्रह्माकुमारीज हाउसिंग बोर्ड में निशुल्क समर कैंप का हुआ समापन

# नृत्य व नाटक में बताया राजयोग मेडिटेशन का महत्व, विजेता हुए पुरस्कृत, बच्चों और अभिभावकों को मोबाइल से दूर रहने दिए टिप्स

**भिलाई।** ब्रह्मा कुमारीज हाउसिंग बोर्ड में बच्चों के शारीरिक व बौद्धिक विकास के लिए आयोजित समर कैंप का समापन समारोह में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देते हुए राजयोग मेडिटेशन का महत्व बताया। समर कैंप में बच्चों ने पढ़ाई के साथ साथ एक्ट्रा एक्टीविटी में अपनी प्रतिभा को निखारने ड्राइंग, पेंटिंग और डांस सीखा। इसके साथ ही राजयोग मेडीटेशन कर मानसिक शांति का अनुभव कर अपने व्यक्तित्व का विकास किया। समर कैंप में बच्चों को अपने हुनर को निखारने ज्ञानवर्धक एक्टीविटी कराया गया। वहीं बच्चों और अभिभावकों को मोबाइल से दूर रहने की बातें कही। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में उद्योगपति सरोजनी पाणिग्रही उपस्थित थी। समापन समारोह की शुरुआत अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। जिसके बाद योग रत्न से सम्मानित ममता साहू ने बच्चों को शारीरिक फिटनेस बनाने के लिए एक्सरसाइज कराते हुए बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनने के कई टिप्स भी दिए। बच्चों ने समर कैंप के अनुभव भी साझा करते हुए बताया कि समर कैंप में उन्हें एकाग्रता, ध्यान एवं अपना कार्य स्वयं कर आत्मनिर्भर बनने के साथ ही डांस के सरल स्टेप्स सिखाए। पेंटिंग टीचर द्वारा बच्चों को बहुत ही सरल तरीके से पेंटिंग करना और कलर बनाना सिखाया गया। समर कैंप निशुल्क होने से आसपास सहित दूर से भी बच्चों ने शिरकत की और पेरेंट्स ने भी ब्रह्माकुमारीज बहनों के प्रयासों की सराहना की। समापन समारोह में बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिससे उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया गया।



### बच्चे देश का भविष्य बनेगा श्रेष्ठ भारत

सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी वर्षा बहन ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि बच्चों का जीवन हमारे देश का भविष्य है लेकिन इसकी शुरुआत पहले माता-पिता स्वयं से करें तो यह कल का भारत श्रेष्ठ बन सकेगा। बच्चें हमेशा बड़ों के आज्ञाकारी रहे तो जीवन में दुआएं प्राप्त होती है और यह दुआएं हमारे जीवन को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होती है। प्रतिदिन अपने सुबह कि शुरुवात परमात्मा की याद से करे और अपनी हर कार्य में परमात्मा को अपना साथी बनाकर करे तो हर कार्य में सफलता मिलती रहेगी और अपनी दिनचर्या को रात को समर्पण कर के सोते है तो हमारी सुबह भी अच्छी होंगी।



### जीवन में आगे बढ़ने दिए टिप्प



बीके बहनों ने समर कैंप के समापन अवसर पर कहा कि चार बातों का बैलेंस होना बहुत जरूरी है। पहले स्वयं के ऊपर कॉन्फिडेंस रखें, दूसरा आत्मविश्वास कभी भी डगमग नहीं होना चाहिए। हम अपने मनोबल के आधार से ही हर एक कार्य कर सकते हैं। परमात्मा के ऊपर विश्वास करते हुए माने की मेरे जीवन का सच्चा साथी तू ही है, मेरा खुदा दोस्त है और आगे बढ़ाने वाला मेरा अपना केवल परमात्मा ही है ऐसा उस परमात्मा पर विश्वास करें। अपने परिवार या साथी हमारे लिए बुरा भी सोचे लेकिन आप उनके बारे में बुरा नहीं सोचे, भाग्य के ऊपर विश्वास कर यह माने कि मैं भाग्य विधाता की संतान हूँ मेरा अहित हो ही नहीं सकता, क्योंकि मेरी नैया का पतवार स्वयं मेरा पिता परमात्मा है। वही भाग्य विधाता है तो उसने मेरा भाग्य बहुत ऊंचा रखा हुआ है इन चारों बातों का यदि हमारे जीवन में बैलेंस है तो हम हर परिस्थिति में आगे और आगे बढ़ सकते है। उद्योगपति सरोजिनी पाणिग्रही ने बच्चों को मोबाइल से दूर रहकर अपने व्यक्तित्व का विकास करने की प्रेरणा दी। साथ ही माता-पिता से आग्रह किया कि वह भी मोबाइल के दुष्परिणामों को समझ कर अपने बच्चों का भविष्य श्रेष्ठ बनाने में मददगार बने, शुरूआत स्वयं से करें तो बच्चों पर इसका प्रभाव अच्छा पड़ता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को फर्स्ट, सेकंड प्राइज देते हुए सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण कर प्रसाद किया गया। बच्चों के लिए हर रविवार को सुबह 8.30 से 9.30 तक और पेरेंट्स के लिए प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे और शाम को 7 से 8 बजे तक राजयोग शिविर का आयोजन किया गया है।

## हेल्थ इवेंट

# सेहत की पाठशाला ग्रुप ने बच्चों को दिए हेल्थ टिप्स, दिया व्याख्यान



**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवई में मंगलवार को विद्यार्थियों को सेहत की पाठशाला ग्रुप की ओर से हेल्थ टिप्स दिए गए। इसके अंतर्गत उन्हें आयु और वजन के हिसाब से कितना भोजन और पानी का उपयोग करना है तथा कितना व्यायाम करना है जैसे सूत्र बताए गए। उन्हें शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ अध्ययन में रुचि कैसे पैदा करें इस पर विशेष रूप से हेल्थ कोच शेष नारायण ने व्याख्यान दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से डॉक्टर नीलांजना जैन, भुवनेश्वरी तथा सेहत की पाठशाला ग्रुप की ओर से सहदेव देशमुख, दुर्गा कुमारी एवं समीर उपस्थित थे।

## इवेंट लाइव

# एक देश-एक चुनाव विकसित भारत की जरूरत, कल से चेंबर चलाया अभियान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा एक देश -एक चुनाव कार्यक्रम प्रारम्भ करने की योजना तैयार की गई। कार्यक्रम संयोजक गारगी शंकर मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई चेम्बर द्वारा एक देश एक चुनाव कार्यक्रम गुरुवार से प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके लिए कल भिलाई 3 मार्किट में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। महामंत्री अजय भसीन ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की विकसित भारत की जरूरत है एक देश-एक चुनाव। हर बार चुनाव खर्च के साथ-साथ अर्थ व्यवस्था में भी बुरा प्रभाव डालता है। अभियान की जानकारी देते हुए शंकर सचदेव ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से एक-एक व्यापारी को एक देश चुनाव का संदेश दिया जाएगा। हर व्यापारी इस अभियान से जुड़ेगा। यह अभियान भिलाई के सभी बाजारों में आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को हुई बैठक में गारगी शंकर मिश्रा, अजय भसीन, सुनील मिश्रा, नरेश छाबड़ा, रितेश अग्रवाल, विशाल छाबड़ा सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम मौका, 15 मई तक वाणिज्य में

**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में कक्षा 12वीं वाणिज्य, विज्ञान एवं कला संकाय में कुछ रिक्त पदों के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन के प्रवेश निर्देशिका के आधार पर प्राथमिकता के अनुसार केवल श्रेणी 1 और 2 के प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरु है। 15 मई तक इच्छुक अभिभावक और छात्र विद्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जाती है। श्रेणी एक में केंद्र सरकार के कर्मचारी और श्रेणी दो में केंद्र सरकार की स्वायत्त शासी संस्थाओं के कर्मचारी आते हैं। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय दुर्ग देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक है। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए यह अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

## आयोजन

# बेटियों को हुनरमंद बनाने दिया प्रशिक्षण मेकअप आर्टिस्ट बनकर बनेंगी स्वावलंबी



**भिलाई।** भारत विकास परिषद, नारायणी शाखा भिलाई के द्वारा जरूरतमंद बेटियों और महिलाओं को हुनरंमद करते हुए स्वावलंबी बनाने ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कोर्स शुरू किया गया।जिसमें महिलाएं व युवतियां उत्साह के साथ मेकअप आर्टिस्ट बनने के गुर सीख रही है। नारायणी ईकाई भिलाई भारत विकास परिषद की महिला साखा है जो विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में विशेष कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, व्यवहारिक, शिक्षा के क्षेत्र में उत्थान के लिए भिलाई-दुर्ग में सराहनीय कार्य कर रही है। भिलाई नारायणी शाखा की संपर्क प्रमुख अलका गुप्ता ने भिलाई की रूपम सैलून ने उन्हें निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पहल की। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में कुल सात बेटियां जो कक्षा दसवीं एवं 12वीं तक पढ़ी हैं और आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं उनका चयन किया गया।

अलका गुप्ता को इस कार्य के लिए सभी ने सराहा। कार्यक्रम में उमा सारडा, रविता वाष्र्णेय, मनाली गेरा, पुष्पा पांडे, सुनीता अग्रवाल, सुरभि टंडन, तनुजा मिश्रा, स्मिता केसरी, आशा गुप्ता, स्वर्णलता वर्मा, जय श्री की सक्रिय सहभागिता रही।

**लगातार हो रहे सेवा कार्य :** नारायणी ईकाई भिलाई सामाजिक कार्य में करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में 3 शाखाओं में आगे बढ़कर कार्य कर रही है। संस्था ने पूरे वर्ष में विभिन्न आयामों का क्रियान्वयन करते हुए स्कूलों में 350 छात्राओं की खून जांच, गुरू व छात्र अभिनन्दन, गुरूद्वारा में सेवा कार्य करते हुए गुरूदेव बहादुर का शहीद दिवस मनाया। साथ ही विकलांग बच्चों के लिए फिजियोमेट और खेलकूद के सामान वितरण, अंजोरा स्कूल में टीचर और उत्कृष्ट बच्चों का सम्मान करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। संस्था द्वारा अक्षय तृतीया पर सामूहिक सरल विवाह में भी सहयोग किया गया।

## सामाजिक सरोकार

# गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी का करें इंतजाम, किया सकोरे का निःशुल्क वितरण



**भिलाई।** आसमान से आग उगल रहे सूरज की तपीश से सभी जीव जंतु हलाकान है। रोज बढ़ रही गर्मी से दिन के समय घर से न निकलने के लिए प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी किये जा रहे है। जहां एक ओर प्रतिदिन गुजरने वाले राहगीर प्याऊ घर से पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे है वहीं टाउनशिप की महिलाओं का ग्रुप ऊर्जा फांउडेशन दवरा इस भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों का ध्यान रखते हुए साकोरे का वितरण कर रहे है ऊर्जा फाउंडेशन की अध्यक्ष सरिता पाण्डेय एवं सदस्यों ने परशुराम चौक मैत्री नगर रिसाली में पक्षियों के दाने पानी के लिए साकोरे का निःशुल्क वितरण किया। ऊर्जा फाउंडेशन की अध्यक्ष सरिता पाण्डेय ने बताया कि विगत कई वर्षों से पक्षियों के संरक्षण के लिए अलग-अलग स्थानों में साकोरे का निःशुल्क वितरण किया जाता है। जिसका उद्देश्य भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाने पानी के साथ-साथ समाज में उनके लिए संरक्षण की भावना लाना है। इस दौरान डॉ सीमा साहू, शैल सोनी, नीता भलावी, नीरा लेकरा, भावना पाण्डेय ने इस आयोजन के माध्यम से नागरिकों से पक्षियों के प्रति संवेदना रखते हुए साकोरे में उनके लिए दाना पानी की व्यवस्था करने की अपील की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपना श्रीवास्तव, मंजूषा जोशी, विनीता श्रीवास्तव, मुकेश गुंजार, दिव्या रंगारी, नीलू, पुष्प लता गुप्ता सहित फाउंडेशन के अन्य सदस्य विशेष रुप से उपस्थित रहे।



प्रवचन श्रृंखला के दूसरे दिन वेद और शास्त्रों के प्रमाणों सहित की व्याख्या

# भगवद् कृपा से ही बुद्धि भगवान को जान सकती है, उसके कृपा के बिना किसी भी माया की निवृत्ति नहीं हो सकतीः धामेश्वरी देवी

## कार्नर न्यूज

**भिलाई।** लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण अनुष्ठा रेसीडेंसी, जुनवानी खम्हारिया रोड स्मृति नगर में चल रहे जगद्गुरुत्तम कृपालु महाराज की प्रचारिका धामेश्वरी देवी के दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के दूसरे दिन वेद और शास्त्रों के प्रमाणों सहित देवी ने बताया कि सर्वान्तरयामी सर्वशक्तिमान भगवान को बुद्धि के द्वारा बड़े बड़े ज्ञानी तो क्या ब्रम्हा, विष्णु शंकर भी नहीं जान सकते क्योंकि भगवान बुद्धि से परे हैं, मायातीत हैं। हम सभी जीव गुणों के आधीन हैं, भगवान माया से परे है, दिव्य है, शाश्वत है, हमारी इन्द्रिय मन मायिक है, प्राकृत है इसलिए क्षुद्र शक्ति युक्त है। उन्होंने यह भी बताया कि सगुण साकार भगवान ही कृपा करता है इनकी कृपा के बिना किसी की भी माया-निवृत्ति नहीं हो सकती।



### साधारण मनुष्य भगवान की शक्ति को नहीं जान सकता

भगवान अनंत विरोधी धर्मों के अधिष्ठान भी हैं इसलिए बड़े-बड़े ब्रम्हा, विष्णु, शंकर आदि बुद्धि के आधार पर नहीं जान सकते तो साधारण मनुष्य भी भगवान की शक्ति को नहीं जान सकता। भगवान छोटे से भी छोटा और बड़े से भी बड़ा है, वो धर्म और अधर्म और सृष्टि से परे है। लेकिन सृष्टिकर्ता, अकर्ता, न्यायकर्ता और कृपाकर्ता भी है। भगवान से भय भी भयभीत होता है किन्तु भगवान यशोदा मैया की छड़ी से डरते हैं। भगवान को बड़े बडे ॠषि मुनि महात्मा अपने पराक्रम से नहीं जान सकते और वो आत्माराम पूर्णकाम है किन्तु ब्रजगोपियों के साथ रास भी करते हैं इसलिए ऐसे भगवान को जानना बुद्धि से असंभव है। बुद्धि से भगवान को जाना नहीं जा सकता, परंतु यदि किसी पर भगवान की कृपा हो जाये और भगवान की बुद्धि (दिव्य शक्ति) उसे मिल जाये, तो साधारण मनुष्य भी भगवान को जान सकता है।

### कर्मो के अनुसार ही फल मिलता है

विश्व के अधिकांश लोग कहते है कि ईश्वर की इच्छा के बिना कुछ नहीं हो सकता। कुछ लोग कोटेशन आदि के द्वारा प्रत्येक कर्म के लिए भगवान को जिम्मेदार ठहराते हैं। उसे जैसा करना होता है, करा लेता है। किन्तु यह बात गलत है। ईश्वर ने हमें मनुष्य देह दिया, कर्म करने की शक्ति दी। चाहे हम अच्छे कर्म करें या बुरे कर्म। भगवान उन कर्मों को नोट करता है फिर उन कर्मों के अनुसार हमें फल देता है।

### शास्त्रों और संतों से समझे कृपा का अर्थ

भगवान ने हमें सत्कर्म करने की शक्ति दी है किंतु उसकी दी हुई शक्तियों का हम दुरुपयोग करते हैं। यानि संसार में आसक्ति करते हैं और फिर कह देते हैं, हमारे भाग्य में नहीं है। अथवा भगवान को दोषी ठहराते हैं। मनुष्य देह प्राप्त करके ईश्वर की भक्ति करने की बजाय संसार की जिम्मेदारियों की आड़ लेते हैं। वास्तव में भगवान की कृपा का सही अर्थ समझना होगा, शास्त्रों से और संतो से। भगवद् कृपा के बिना भगवान को नहीं जाना जा सकता। भगवान की जिस पर कृपा हो जाती है वह उसे पूर्णतया जान लेता है। देवी ने यह भी बताया कि सगुण साकार भगवान ही कृपा करता है इनकी कृपा के बिना किसी की भी माया-निवृत्ति नहीं हो सकती। प्रवचन का समापन श्री राधाकृष्ण भगवान की आरती के साथ हुआ। 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 14 मई तक रोज शाम 7 से रात 9 बजे तक होगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ का पैरा तीरंदाज तोमन पहली बार इटली और चीन के लिए चयनित



**रायपुर।** पहली बार छत्तीसगढ़ का एक तीरंदाज विश्व तीरंदाजी टूर्नामेंट इटली के लिए और एशियाई तीरंदाजी टूर्नामेंट के लिए चीन के लिए चयनित हुआ हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका ने जानकारी दी कि 30 अप्रैल से 2 मई तक नई दिल्ली में विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट और एशियाई चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी चयनित किए गए। छत्तीसगढ़ के तीरंदाज तोमन कुमार का चयन इस दौरान दोनों टूर्नामेंट में हुआ। जितने भी तीरंदाज थे उसमें टॉप दूसरे नंबर में इनका स्थान रहा, टोमन कुमार ने पासपोर्ट के लिए अप्लाई किया हुआ हैं,अनुमान है कि दो-चार दिन में पासपोर्ट बनने के बाद दिल्ली से इटली के लिए रवाना होंगे। तोमन कुमार एक होनहार तीरंदाज है, पैर के तीरंदाज है और सामान्य वर्ग में खेलते हुए भी सीनियर वर्ग टाटानगर 2024 में मेडल छत्तीसगढ़ को दिला चुके है। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका ने कहा कि उस दिन ही हमको लगा था कि यह तीरंदाज इंटरनेशनल लेवल में जरूर चयन होगा। जो तीरंदाज सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता में मेडल ला सकता है तो उसका चयन आने वाले समय में इंटरनेशनल में होगा। यह भारतीय तीरंदाजी संघ को और छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ को दोनों को विश्वास था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने बधाई दी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है। वहीं छत्तीसगढ़ के समस्त कोच समस्त तीरंदाजों ने भी बधाई दी है। कैलाश मुरारका ने उम्मीद जताई है की विश्व चैंपियन में भी हमारे छत्तीसगढ़ के तीरंदाज छत्तीसगढ़ का झंडा इटली और चीन में जरूर फहराएंगे।

### एलिट ग्रुप में आज भिलाई विरुद्ध बिलासपुर की टीम फाइनल में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टी-20 टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 26 अप्रैल से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 06 मई मंगलवार को 2 सेमी फायनल मैच खेले गये।



आनंद राव- 53 रन, तीन विकेट

**बिलासपुर ने बीएसपी के विरुद्ध हासिल की जीत :** पहला टी 20 मैच बिलासपुर एवं बीएसपी के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बीएसपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 19.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाये। बीएसपी की ओर से संगीत सोनी ने 41 रन तथा वैभव साहु ने 28 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से प्रवीण कुमार ने 4 विकेट तथा रवि रोशन सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। 140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर ने 19.2 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाकर मैच जीत लिया। बिलासपुर की ओर से पवन परनाते ने 41 नाबाद रन तथा इरफान ने 33 रन बनाये। बीएसपी की ओर से ऐश्वर्य मौर्या ने 3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

**प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध भिलाई की जीत :** दूसरा टी 20 मैच प्लेट कंबाइंड एवं भिलाई के मध्य सिविक सेंटर भिलाई के मैदान में खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से कृष चोपडा ने सर्वाधिक 62 रन तथा अमित यादव ने 34 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से दिवाकर ताम्रकार ने 4 विकेट तथा आनंद राव ने 3 विकेट प्राप्त किये। 175 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भिलाई ने 18.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर 175 रन बनाये तथा आसानी से मैच जीत लिया। भिलाई की ओर से आनंद राव ने 53 नाबाद रन तथा शुभम सिंह ने नाबाद 40 रन बनाये। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से रोहन टांक ने 3 विकेट लिये। भिलाई ने मैच 6 विकेट से जीत लिया। 07 मई को प्रतियोगिता का फायनल मैच बिलासपुर तथा भिलाई के मध्य आरडीसीए मैदान,रायपुर में खेला जायेगा।

### राज्य चैंपियनशिप में पहलवानों ने जीते 9 गोल्ड सहित 11 पदक

**रायपुर।** राज्य कुश्ती संघ के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन 4 मई को बीएसपी अखाड़ा सेक्टर 3 भिलाई में आयोजित किया गया। जिसमें बिलासपुर जिला के सिद्ध पीठ गिरजा बंध हनुमान मंदिर अखाड़ा रतनपुर के कुल 13 पहलवानों ने भाग लिया था। जिसमें 9 पहलवान ने गोल्डमेडल बालक वर्ग के फ्रीस्टाइल कुश्ती में 45 किलोग्राम भार कृष्णकांत यादव, 48 किलोग्राम भार वर्ग में प्रदीप धीवर, 51 किलोग्राम भार वर्ग में पावन धीवर, 65 किलोग्राम भार वर्ग में वेदांत कश्यप ने जीते।

## दिल की सेहत का ध्यान रखें सावधानी के साथ

# दिल की तकलीफ में सिर्फ अटैक ही नहीं हो सकती है दूसरी शिकायतें भी, जरूरी है इनके बारे में जानना

कोरोना महामारी के बाद विश्वभर में हार्ट संबंधी बीमारियां तेजी से सामने आई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की डेटा की मानें तो 2023 में हृदय रोगों से दुनियाभर में 18.6 मिलियन लोगों की मौत हो गई, जो सभी मौतों का 32% है और यह आंकड़ा डराने वाला है।

इधर भारत में बीते दो सालों में अचानक हार्ट अटैक से मरने वालों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। खासतौर पर कम उम्र के बच्चे और अधिकांश युवा हार्ट संबंधी बीमारी का शिकार हुए हैं और देखने में आया है कि उनकी मृत्यु तक हुई है। भारत में आम धारणा के अंतर्गत हार्ट संबंधी बीमारियों को केवल हार्ट अटैक या फिर कार्डियक अरेस्ट तक ही सीमित करके देखा जाता है लेकिन हार्ट संबंधी बीमारियां केवल हृदय की गति का रुक जाना ही नहीं होता बल्कि ऐसी कई दूसरी समस्याएं भी होती हैं जिनका सीधा संबंधी हार्ट की सेहत से होता है।

ऐसी बीमारियों में रोगी को लक्षण महसूस होते हैं लेकिन उन्हें पता ही नहीं चल पाता है कि उन्हें हार्ट संबंधी बीमारी है और जब तक रोगी इलाज के लिए पहुंचे हार्ट को बहुत क्षति पहुंच सकती है। दरअसल, हृदय रोग केवल लाइफस्टाइल की ही नहीं बल्कि अन्य दूसरे पहलुओं से भी जुड़ी बीमारी है।

बहरहाल, आइए जानते हैं हार्ट संबंधी ऐसी कौन सी बीमारियां हैं जिन पर सामान्य तौर हमारा ध्यान नहीं जाता और इसे हम केवल कॉलेस्ट्रॉल और लाइफस्टाइल से ही जोड़कर देखते हैं।



### धमनियों में कॉलेस्ट्रॉल जमाव की बीमारी

इसे कोरोनरी आर्टरी डिसीज यानी की सीएडी कहा जाता है। यह बीमारी तेल, कॉलेस्ट्रॉल युक्त चीजें और गलत खान-पान व खराब लाइफस्टाइल के चलते होती है। ये बीमारी धमनियों, जिन्हें कोरोनरी धमनियां कहा जाता है जो दिल की धड़कन के पंप को सही रूप से रक्त पहुंचाने का काम करती है, उसमें बैड कॉलेस्ट्रॉल जमा होने के कारण होती है। सामान्य तौर पर हार्ट अटैक का कारण यही होता है।

### हार्ट फेलियर या दिल का काम करना बंद कर देना

इसे आसान शब्दों में हार्ट फेल्योर कहा जाता है। हार्ट फेल्योर एक बीमारी है जिसमें हार्ट का पंप फंक्शन पहले धीमे-धीमे कमजोर हो जाता है और बाद में बंद हो जाता है जिससे शरीर के जरूरी हिस्सों में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है इससे व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।



### हाइपरटेंशन

हाइपरटेंशन इसे हाई ब्लड प्रेशर भी कहते हैं जिसके कारण भी हार्ट की फंक्शनिंग पर असर होता है। यह खतरनाक हो जाता है, क्योंकि यह कोरोनरी धमनियों को खराब करता है और हार्ट के जोड़ों को कमजोर कर देता है जिससे हार्ट को क्षति पहुंचती है और कई बार व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।

इसके अलावा रैजमियोपैथी ऐसी बीमारी होती है, जिसमें हार्ट की धड़कन गति अनियमित हो सकती है। इसे दूसरे शब्दों में कहें तो हार्ट एक निश्चित समयावधि में उतनी बार नहीं धड़कता है जिसे नॉर्मल कहा जाता है। यह बीमारी गंभीर होती है और कई दूसरी समस्याओं का कारण बनती है।

### कोर पल्पिटेशन



हार्ट की इस बीमारी में हार्ट की धड़कन बेहद तेज या असामान्य हो जाती है। कई बार रोगी को यह महसूस होता है उसकी हार्ट की गति बंद सी हो गई है। यह बीमारी कई बार दूसरी बीमारियों के साथ जुड़ती है। हार्ट की यह बीमारी वाल्व से जुड़ी होती है। हार्ट में दो वॉल्व होते हैं यदि उसमें से कोई एक खराब हो जाए या ठीक तरह से काम नही करे तो यह बीमारी होती है। इस बीमारी में धड़कन सही तरीके से काम नहीं करती है। कोर पल्पिटेशन में हार्ट की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं।



## आपके तलवे की बनावट में छिपा है किस्मत का राज, जानें कैसे

ज्योतिष शास्त्र में हाथों और पैरों की लकीरों में भी हमारी किस्मत और भविष्य से जुड़ी कुछ बातें छिपी होती। हैं। आपने अक्सर लोगों को ये कहते हुए सुना होगा कि हाथों की लकीरें आपकी तकदीर बदल सकती हैं, लेकिन सिर्फ हाथ ही नहीं बल्कि आपके तलवे में भी कुछ लकीरें होती हैं जो आपके आने वाले समय और आपकी पर्सनैलिटी का पता चलता है। ज्योतिष में ही एक है समुद्र शास्त्र जिससे आपके आने वाले समय के बारे में जानकारी आपके शरीर के कुछ हिस्सों को देखकर बताई जाती है। इसी में एक होती है फुट रीडिंग यानी कि हाथों के साथ पैरों की रेखाओं से भविष्य बताना। फुट रीडिंग भारत और चीन में एक प्राचीन अवधारणा है और इसमें एक व्यक्ति को अपने पैर की उंगलियों या अपने तलवों की रेखाओं के बारे में जानकारी लेना शामिल है। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि तलवे अपने पैरों के शीर्ष की तुलना में किसी व्यक्ति के बारे में अधिक बताते हैं और आपके भविष्य की जानकारी भी देते हैं।

### क्या कहता है फुट रीडिंग का विज्ञान



यह रिफ्लेक्सोलॉजी का एक विस्तार है और माना जाता है कि यह स्वास्थ्य के मुद्दों, भावनात्मक कल्याण और व्यक्तित्व प्रकार को प्रकट करता है। फुट रीडिंग विशेषज्ञों का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास एक पुरुष और एक महिला के पैर होते हैं, जिसमें दायां एक पुरुष के रूप में कार्य करता है और बाएं एक महिला के रूप में माना जाता है।

### पैर की बनावट बताती है स्वभाव

शीतल जी बताती हैं कि आपके पैरों के तलवों से आप किसी भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में जान सकते हैं। इसमें कुछ ख़ास बातें ध्यान देनी चाहिए। आइए जानें क्या हैं वो बातें – यदि आप अपने तलवे की गद्दी के बीच खड़ी रेखाएं देखते हैं तो आप शायद आत्म-सम्मान में कम महसूस कर सकते हैं। पैरों के तलवे की रेखाएं यदि तिरछी हैं तो ये आपके अनिर्णय को दर्शाती हैं। ऐसे लोग किसी भी बात के लिए दृढ़ नहीं हो पाते हैं और अपने निर्णय लेने में देरी करते हैं। नैरो हील्स का मतलब है कि आपको ज्यादा सुरक्षा की जरूरत है और आप कई बातों के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। यदि आपके पैर के उत्तर से दक्षिण तक लंबी लाइन है तो आप अपने आप पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं। वास्तव में यदि आप किसी चीज़ के बारे में अनिर्णायक हैं या अपने जीवन के किसी पहलू में संघर्ष कर रहे हैं, तो एक फुट रीडिंग आपकी दुविधा को दूर कर सकती है।

### पैरों की रेखाओं में छिपी है किस्मत

फुट रीडिंग में तलवे में कुछ ऐसी रेखाएं होती हैं जो पैर के तलवों की बनावट और उनमें बने निशान के आधार पर भविष्य के बारे में बताते हैं। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों के तलवे दिखने में नरम होते हैं और इसमें कम रेखाएं दिखती हैं वो ज्यादा भाग्यशाली होते हैं।

## जन्मदिन पर आप भी तो नहीं करते हैं ज्योतिष से जुड़ी गलतियां

हर व्यक्ति के लिए उसका जन्मदिन बहुत ही विशेष माना जाता है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए वह कई तरह के काम करता है, ताकि शुभ फलों की प्राप्ति हो सके। सभी व्यक्ति के लिए उसका जन्मदिन बहुत ही विशेष होता है। जिसे उत्सव के रूप में पूरे विधि-विधान के साथ मनाया जाता है। इस दिन कई लोग केक काटकर, मोमबत्तियों को बुझाया जाता है और गुब्बारे फोड़े जाते हैं।

वहीं कुछ लोग जन्मदिन के सुअवसर पर दीर्घायु की मंगलकामना के लिए दीपक जलाते हैं। ऐसी मान्यता है कि पूरे विधि-विधान के साथ जन्मोत्सव मनाने से आयु और आरोग्य की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

अब ऐसे में इस दिन कई ऐसे ज्योतिष नियम हैं, जिन्हें करने की मनाही होती है। जो बहुत ही अशुभ माना जाता है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि जन्मदिन पर किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

### जन्मदिन पर तामसिक भोजन का आहार करने से बचें

अक्सर ऐसा होता है कि लोग अपने जन्मदिन पर तामसिक भोजन खाते हैं और जश्न मनाते हैं, लेकिन इस दिन तामसिक भोजन भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इसे बहुत ही अशुभ माना जाता है और व्यक्ति के जीवन में विभिन्न प्रकार की समस्याएं आने लग जाती है। इसलिए इस दिन तामसिक चीजों से दूर रहें।

### जन्मदिन पर शराब पीने से बचें

जन्मदिन पर शराब भूलकर भी नहीं पीना चाहिए। कई लोग अपने जन्मदिन पर मांस-मदिरा का सेवन



खूब करते हैं। जो बहुत ही अशुभ माना जाता है। इससे नकारात्मकता का संचार होता है और व्यक्ति को कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती है।

### जन्मदिन पर बाल और नाखून न काटें

जन्मदिन पर नाखुन और बाल भूलकर भी नहीं कटवाना चाहिए। इससे घर में कलह-क्लेश की स्थिति बनती है और सभी देवी-देवता (देवी-देवता मंत्र) भी क्रोधित हो सकते हैं। इसलिए अपने जन्मदिन पर इन बातों का खास ध्यान रखें।

### जन्मदिन पर बड़े-बुजुर्ग और साधु का अपमान न करें

जन्मदिन पर बड़े-बुजुर्ग और साधु का अपमान भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इससे देवी-देवता नाराज हो सकते हैं और व्यक्ति के कभी सफलता (सफलता मंत्र) की प्राप्ति नहीं हो सकती है। इसलिए अगर आपके घर पर कोई भी आए।

## बाजार जैसा लच्छा पराठा बनाएं, स्वाद जीत लेगा

नाश्ता हो या फिर लंच व डिनर गर्मागर्म पराठे हर मौके पर लजीज लगते हैं। पराठे ग्रेवी सब्जी से ड्राई सब्जी तक के साथ खाने में स्वादिष्ट लगते हैं। अधिकतर लोगों को पराठा पसंद होता है। पराठे के तरह से बनते हैं। लेकिन जब पराठे में ढेर सारी परते होती हैं तो उसका स्वाद दोगुना हो जाता है। लच्छा पराठा तो खाने के जायजा ही बदल देता है पर आमतौर पर घर पर लोग कई लेयर्स या परतों वाला पराठा नहीं बना पाते। इसे आप लच्छा पराठा भी कह सकते हैं। पराठे में जितनी ज्यादा परते होती हैं, उसका स्वाद उतना ही अच्छा लगता है। बाजार के लच्छा पराठा खाने के लिए आप पैसे खर्च करते हैं लेकिन हम आपको बताने जा रहे हैं 7 लेयर पराठा बनाने की रेसिपी। लच्छा पराठा बनाने की कुछ आसान टिप्स और ट्रिक्स हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में परफेक्ट पराठा बना सकती हैं।



भिलाई बाजार



भिलाई शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिष
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक
फीस 251/-
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखी की असीम कृपा और साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुण्डली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिशाच दोष, गृहणी दोष, गृहकलेश, पति पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, उच्चाटन, मारण, मस्तिष्क दमन, वशीकरण इन बाधाओं से पीड़ित भक्तगण की समस्या माँ बगुला मुखी की साधना द्वारा समाधान



माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय
पता – जुनवानी कोहका रोड, अमन ढाबा के बाजु में, भिलाई
मो.: 8871250663

**कार्नर न्यूज**

## कुछ छोटे-छोटे वास्तु टिप्स को अपनाने से आपको यकीनन मिलेगी मदद

# विदेश में पढ़ाई के साथ वहीं बनाना चाहते हैं करियर, इन वास्तु टिप्स से मिलेगी मदद

ऐसे कई लोग होते हैं, जिनकी यह इच्छा होती है कि वे विदेश जाकर पढ़ाई करें। एक बेहतर डिग्री की मदद से उनके तरक्की के रास्ते भी खुल जाते हैं। हालांकि, हर किसी का सपना पूरा हो जाए, ऐसा जरूरी नहीं है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें विदेश जाकर पढ़ाई करने की इच्छा होती है, लेकिन किसी ना किसी कारणवश उनकी राह में अड़चनें आ जाती हैं। ऐसे में व्यक्ति निराश हो जाता है। हो सकता है कि आपके साथ भी ऐसा ही कुछ हो रहा हो। लेकिन अब आपको दुखी या परेशान होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, ऐसे कई वास्तु के उपाय होते हैं, जिन्हें अपनाने से आपको यकीनन लाभ मिल सकता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको कुछ ऐसे ही उपायों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आपके विदेश जाकर पढ़ाई करने की संभावनाएं कई गुना बढ़ सकती हैं-



### करें गायत्री मंत्र का जाप

गायत्री मंत्र का जाप करने से विद्यार्थियों को ना केवल अच्छे विचार आते हैं, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मकता भी बढ़ती है। इसलिए, जब आप सुबह उठते हैं तो उस समय अपने घर के पूर्व दिशा की खिड़की खोलें और पूर्व दिशा की ओर मुख करके गायत्री मंत्र का जाप करें। अगर पूर्व दिशा में खिड़की नहीं है तो आप छत पर जा सकते हैं या फिर पार्क में भी जा सकते हैं।

### प्लास्टिक के सामान से बचें

चूंकि स्टडी टेबल आपकी पढ़ाई से जुड़ी है, इसलिए इसका गहरा प्रभाव आपकी शिक्षा पर पड़ता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप अपनी स्टडी टेबल पर किसी तरह का प्लास्टिक का सामान रखने से बचें। कोशिश करें कि आप प्लास्टिक की जगह कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर अगर शोपीस रखना चाहते हैं तो प्लास्टिक की जगह लकड़ी का बना हुआ शोपीस रखें।



### उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें डॉक्यूमेंट

आपको विदेश में जिस कोर्स में दाखिला लेना है या फिर आपकी स्टडी से जुड़े डॉक्यूमेंट्स को आप हमेशा उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें। इससे इनमें पॉजिटिविटी बनी रहती है और आपके विदेश जाने के आसार अधिक बनते हैं। वहीं, अगर आपको कोई मेडल या अवॉर्ड मिला है, तो उन्हें हमेशा उत्तर दिशा में रखें।

### बेकार की चीजों से बचें

हमेशा ध्यान रखें कि आप अपने बेड या स्टडी टेबल के आसपास बेकार की चीजें ना रखें। बेकार की चीजें जैसे रद्दी, पुरानी टूटी-फूटी चीजें या फिर खराब सामान आपके आसपास के औरा को खराब करता है। जिससे उस जगह पर नेगेटिविटी फैलती है। यह देखने में आता है कि जो लोग अपने बेड या स्टडी टेबल के आसपास इस तरह की बेकार की चीजें रखते हैं, उनके काम बनते-बनते बिगड़ने लगते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'थंडरबोल्ट्स' की पोस्ट-क्रेडिट सीन पर हुआ बड़ा खुलासा



मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स*' को लेकर फैंस में उत्साह चरम पर है। हाल ही में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स खासकर रेडिट पर फिल्म की पोस्ट-क्रेडिट सीन को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। कई फैंस का मानना था कि यह सीन न केवल 'फैंटास्टिक फोर' की एंट्री का संकेत देता है, बल्कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से भी जुड़ा है। अब फिल्म के निर्देशक जेक श्रेयर ने एक इंटरव्यू में इन अटकलों को सच करार दिया है।

जेक श्रेयर ने एंटरटेनमेंट वीकली को दिए इंटरव्यू में पुष्टि करते हुए कहा कि थंडरबोल्ट्स* का अंतिम पोस्ट-क्रेडिट सीन वास्तव में 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए बनाया गया था। यह सीन हाल ही में जोड़ा गया और यह भविष्य की कहानी का संकेत देता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या न्यू एवेंजर्स सबसे पहले 'फैंटास्टिक फोर' से मिलेंगे तो उन्होंने साफतौर पर जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, ₹आप जितना जानते हैं, उतना ही मैं जानता हूं। मैं उस सीन के सेट पर था, लेकिन मैंने इसे निर्देशित नहीं किया। यह उस फिल्म का हिस्सा है, जिसका प्रोडक्शन सोमवार से शुरू हो रहा है।₹

श्रेयर ने कहा कि वॉचटावर में फिल्माया गया आखिरी शॉट भी पिछले महीने ही शूट किया गया। उन्होंने कहा, ₹मैं वहां मौजूद था और इसे देखकर बहुत खुश हुआ। अपने किरदारों को एक बड़े कैनवास पर देखना रोमांचक था। हम अपनी छोटी दुनिया में काम कर रहे थे, लेकिन उन्हें इस बड़े संदर्भ में देखना मजेदार था।₹ 'थंडरबोल्ट्स' में एक ऐसा मोड़ है, जिसने सभी को चौंका दिया है।

### टॉलीवुड

## 'हरी हर वीरमल्लू' की शूटिंग में शामिल हुए पवन कल्याण, मेकर्स ने किया ट्रेलर जारी



'हरि हर वीरमल्लू' पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन पवन कल्याण के बिजी शेड्यूल के कारण इसे टालना पड़ा। अब निर्माताओं ने फैंस को खुशखबरी दी है कि जल्द ही फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर और गाने रिलीज किए जाएंगे। अभिनेता और राजनेता पवन कल्याण ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरमल्लू' की शूटिंग फिर से शुरू कर दी है। फिल्म के निर्माताओं ने इसकी जानकारी दी और बताया कि अब केवल दो दिन की शूटिंग बाकी है। राजनीति में व्यस्त होने के बावजूद पवन कल्याण ने अपने फिल्मी प्रोजेक्ट के लिए समय निकाला है।'हरि हर वीरमल्लू' पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन पवन कल्याण के बिजी शेड्यूल के कारण इसे टालना पड़ा। अब निर्माताओं ने फैंस को खुशखबरी दी है कि जल्द ही फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर और गाने रिलीज किए जाएंगे। साथ ही, फिल्म की रिलीज डेट का एलान भी जल्द होने की संभावना है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'पावरस्टार पवन कल्याण ने 'हरि हर वीरमल्लू' की आखिरी दो दिन की शूटिंग शुरू कर दी है। इसके साथ ही इस भव्य फिल्म की शूटिंग का सफर पूरा होने जा रहा है।' उन्होंने फैंस को उत्साहित करते हुए कहा, 'तैयार हो जाइए, जल्द ही शानदार ट्रेलर और जोशीले गाने आपके सामने होंगे। इस तूफान का काउंटडाउन शुरू हो चुका है।' 'हरि हर वीरमल्लू' एक ऐतिहासिक एक्शन फिल्म है, जो 17वीं सदी के मुगल साम्राज्य की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह फिल्म एक प्रसिद्ध डाकू वीरमल्लू के जीवन को दर्शाएगी। फिल्म को दो हिस्सों में रिलीज किया जाएगा। इसका निर्देशन कृष जगारलामुडी और एएम ज्योति कृष्णा ने किया है।

### वेब सीरीज

## 'ग्राम चिकित्सालय' में मुनिरका किरदार निभा रहे विनायक, 9 को होगी रिलीज



द वायरल फीवर ( टीवीएफ) प्रोडक्शन हाउस मुंबई के बैनर द्वारा निर्मित वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय' 9 मई को अमेजॉन प्राइम में रिलीज होने जा रही है। इसकी शूटिंग डोंगरगढ़ और बेरला रोड स्थित खमतराई गांव के आसपास हुई है। 'ग्राम चिकित्सालय' के निर्देशक राहुल पांडे हैं। इसमें अमोल पाराशर, विनय पाठक, आनंदेश्वर द्विवेदी, आकाश मखीजा, आकांशा रंजन कपूर, गरिमा विक्रांत सिंह ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। इस वेब सीरिज में छत्तीसगढ़ के नामचीन कलाकारों ने भी अपना योगदान दिया है। इस वेब सीरीज में छत्तीसगढ़ के चरित्र अभिनेता विनायक प्रसाद अग्रवाल ने मुनिरका नाम का किरदार निभाया। वेब सीरिज की टीम में अमित जैन (लाइन प्रोड्यूसर), मंगल राम क्षत्रिय (प्रोडक्शन मैनेजर), अमर राज चौहान (कास्टिंग डायरेक्टर). गोवर्धन कुम्हार (आर्यन) (प्रोडक्शन बॉय),शशांक परगनिहा (प्रोडक्शन बॉय),तन्मय शर्मा. (परिवहन एवं यात्रा समन्वयक),.राजवीर गुप्ता (रघु) (प्रोडक्शन),राहुल वर्मा (शूटिंग वाहन एवं लोकेशन को-ऑर्डिनेटर),चंदन साहू (अकाउंटेंट एरा फिल्म्स), ग्रेसी (अकाउंटेंट एरा फिल्म्स), दादू साहू (प्रोडक्शन रनर परचेजिंग), तेज (धावक बालक) मनीष (धावक बालक), मोहित नेताम (जूनियर्स स्थानीय समन्वयक घोटिया गांव) सहित अन्य लोगों का विशिष्ट योगदान है। पूर्व में निर्मित वेब सीरीज ग्राम 'पंचायत' जबरदस्त चर्चित एवं लोकप्रिय रही है, वैसे ही उम्मीद की जा रही है कि 9 में को रिलीज होने वाली वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय' को भी दर्शकों का प्यार मिलेगा।

## पुर्तगाल की खूबसूरती

लाइफ स्टाइल

पुर्तगाल का फैशन पूरी दुनिया में चर्चित है। यहां मिन्हो के उत्तरी क्षेत्र में, विशेष रूप से वियाना डू कास्टेलो में, रोमारिया डे नोसा सेन्होरा दा एगोनिया जैसे त्योहारों के दौरान पहनी जाने वाली पारंपरिक पोशाक में लड़कियों के लिए रंगीन कढ़ाई वाले बनियान, सफेद स्कर्ट और सिर पर स्कार्फ पहना जाता है, जबकि पुरुष सफेद चादरों के साथ काली पतलून और रिबन से सजे बॉलर पहन सकते हैं। इसे अब आधुनिक फैशन में भी अपनाया जा चुका है।



## बिना हीटिंग टूल्स की मदद से भी कर सकती हैं अपने बालों को स्ट्रेट

क्या आपके बाल घुंघराले हैं? इसलिए आपको अपने बाल नहीं पसंद। ज्यादातर लोग बालों को सीधा करने के लिए हेयर ट्रीटमेंट जैसे स्ट्रेटनिंग और स्मूदनिंग करवाते हैं, लेकिन ये ट्रीटमेंट लंबे समय तक नहीं चलते हैं। साथ ही, बालों को डैमेज कर देते हैं। इसके कारण कई बार बाल झड़ने और टूटने लगते हैं।

बाजार में हींट टूल्स मिलते हैं, जिनकी मदद से भी बाल सीधे हो जाते हैं। इन प्रोडक्ट्स में आर्टिफिशियल हीट होती है, जिससे बाल खराब हो जाते हैं। सोचिए अगर आपके पास हेयर स्ट्रेटनर न हो, तो आप क्या करेंगी? कई तरीके हैं, जिनकी मदद से आप बालों को सीधा कर सकती हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको बिना हीटिंग टूल्स के बालों को स्ट्रेट करने के साथ-साथ हेयर केयर टिप्स भी बताएंगे।



### बालों में चावल का पानी लगाने के फायदे

बालों को स्ट्रेट करने के लिए आप चावल के पानी का इस्तेमाल किया जा सकता है। चावल के पानी में विटामिन ए, सी, ई, फ्लेवोनोइड्स और फेनोलिक कंपाउंड पाए जाते हैं। ये सभी तत्व बालों को टेक्सचर को बेहतर बनाने का काम करते हैं। कोरियन स्किन और हेयर केयर में चावल का पानी एक अहम हिस्सा है। चावल के पानी के उपयोग से बाल शाइनी, स्ट्रेट और लंबे होने लगते हैं। सबसे पहले चावल को पानी से अच्छे से धो लें, ताकि धूल-गदंगी साफ हो जाए। अब चावल में साफ पानी डालें और भीगने के लिए छोड़ दें। करीब 1-2 घंटे बाद चावल के पानी को छलनी से छानकर एक स्प्रे बोतल में भर लें। चावल के पानी को 24 घंटे तक फर्मेंट होने के लिए रख दें। बालों को शैंपू करने के बाद चावल के पानी से हेयर रिंस करें।

### एलोवेरा से बाल सीधे कैसे करें?

क्या आपके बाल घुंघराले हैं। इन्हें स्ट्रेट करने के लिए आप हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन ये प्रोडक्ट्स बालों को फायदा कम नुकसान ज्यादा पहुंचाते हैं।

## मीनाकारी पायल के ये डिजाइंस बढ़ाएंगे आपके पैरों की शोभा



पैरों को आकर्षक लुक देने के लिए आपको कई तरह के डिजाइन में पायल आसानी से मिल जाएंगी। किसी भी डिजाइन को चुनने से पहले आप पैरों की शेप का ख्याल जरूर रखें।

ज्वेलरी पहनना हम सभी काफी पसंद करते हैं और इनमें कई वैरायटी और डिजाइन आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफ़लाइन मार्केट तक में आसानी से मिल जाएंगे। वहीं आजकल आर्टिफिशियल ज्वेलरी का क्रेज काफी बढ़ गया है और इसे कई तरीके से स्टाइल भी किया जा रहा है। पैरों की शोभा बढ़ाने के लिए मार्केट में पायल के कई डिजाइन मिल जाते हैं, लेकिन एवरग्रीन स्टाइल की बात करें तो मीनाकारी डिजाइन आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं मीनाकारी डिजाइन में पायल के नए डिजाइंस।



### डोली डिजाइन पायल

पैरों की शोभा बढ़ाना चाहती हैं तो इस तरीके के हैवी डिजाइन की पायल को पैरों में पहन सकती हैं। इसमें आपको कई कलरफुल मीनाकारी डिजाइन में काफी पैटर्न आसानी से मिल जाएगा। इस तरह की पायल डिजाइन आपको मार्केट में लगभग 250 रुपये से लेकर 450 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। अगर आपके पैर चौड़े नहीं है तो इस तरीके के डिजाइन की पायल को आप अवॉयड ही करें।

### डबल चैन डिजाइन पायल

अगर आप सिंपल डिजाइन की पायल नहीं पहनना चाहते हैं तो इस तरीके की डबल या ट्रिपल पायल डिजाइन को पैरों में पहन सकते हैं। इस तरह के डिजाइन में आपको कई मीनाकारी डिजाइन के पैटर्न आसानी से मिल जाएंगे। वहीं आर्टिफिशियल में आपको इस तरीके की पायल करीब 200 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की पायल में आप अपनी मर्जी से जितनी चाहे उतनी लेयर्स बनवा सकती हैं।

### स्टोन डिजाइन पायल

वैसे तो कई तरह के स्टोन आपको पायल में आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप सिंपल डिजाइन की भारी पायल पैरों में पहनना चाहती हैं तो इस तरीके का मेहंदी डिजाइन आपके पैरों को आकर्षक लुक देने में मदद करेगा। इस तरीके की पायल आपको मार्केट में लगभग 150 रुपये से लेकर 300 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इसमें आपको अन्य कई कलर्स भी आसानी से मिल जाएंगे।

## बैकहैंड पर लगाएं ये खूबसूरत और आसान मेहंदी डिजाइन

मेहंदी लगाना महिलाओं को काफी पसंद होता है। अब तो कई सारे ऐसे त्योहार और शादी का सीजन आ रहा है कि महिलाएं सबसे ज्यादा मेहंदी लगाना पसंद करेंगी। कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जो डिजाइन के अलग-अलग ऑप्शन ऑनलाइन सर्च करती हैं और बाहर से जाकर वैसे ही डिजाइन को हाथों में लगवाती हैं। इस बार आपको हम बैकहैंड के कुछ ट्रेंडी डिजाइन के बारे में बताएंगे। इन्हें लगाना भी काफी आसान है और ये सिंपल भी होते हैं।

अगर आपको बैकहैंड पर खुला खुला मेहंदी का डिजाइन लगाना है। वो भी भरकर तो इसके लिए आप इस डिजाइन को क्रिएट कर सकती हैं। बस आपको दोनों हाथों में अलग-अलग डिजाइन क्रिएट करना है। एक में आपको गोल टिक्की डिजाइन के साथ फूल क्रिएट करना है। दूसरे में एक तरफ फूल और दूसरी तरफ लाइन खींचकर उसमें गोल डिजाइन बनाना है। इस तरीके से आपकी खूबसूरत सिंपल मेहंदी लगकर रेडी हो जाएगी। इन्हीं डिजाइन को आप उंगलियों पर क्रिएट कर सकती हैं।

**चेन मेहंदी डिजाइन :** मेहंदी डिजाइन के आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। लेकिन अगर आपको बैकहैंड पर सिंपल मेहंदी लगानी है तो इसके लिए आप इस तरीके के चेन मेहंदी डिजाइन को क्रिएट करा सकती हैं। इसमें कलाई पर ऊपर और नीचे की तरफ फूल का डिजाइन बनाया जाएगा। जिसे पत्तियों कंप्लीट किया जाएगा। फिर ऊपर की तरफ चेन बनानी है। इसके बाद उंगलियों पर फूल का डिजाइन दोबारा क्रिएट करना है। ऐसे आपका बैकहैंड मेहंदी डिजाइन लगकर रेडी हो जाएगा।



## सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग

महिलाओं का श्रृंगार चूड़ियों के बिना अधूरा है। एक अच्छी और फैंसी लुक वाली चूड़ी आपके सिंपल-सोबर लुक में चार-चांद लगा देती है। बाजार में भी आपको तरह-तरह के पैटर्न और डिजाइन में चूड़ियां मिल जाएंगी। मगर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है कि चूड़ियों की मैचिंग या सेटिंग को नया अंदाज देना। आज हम आपको कुछ सेलिब्रिटीज द्वारा की गई चूड़ियों की सेटिंग स्टाइल दिखाएंगे, जिन्हें देख कर आप भी उन्हेंज रीक्रिएट कर सकती हैं।



### दो रंग की चूड़ियों को मिक्स -मैच करें-

आजकल बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिर में 1 से अधिक रंग हैं तो 2 सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स -मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें।

**टिप्सः** हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए। हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए।

## कार्नर न्यूज

### कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होते स्ट्राइप्स प्रिंट्स, जरूर अपनाएं

## स्ट्राइप्स आउटफिट को कैरी करते समय छोटे-छोटे टिप्स को करें फॉलो, निखर उठेगी आप की खूबसूरती

खुद को स्टाइल करते हुए हम सभी कई तरह के स्टाइल व प्रिंट्स को कैरी करते हैं। फैशन की इस दुनिया में यू तो स्टाइल बदलते रहते हैं। लेकिन कुछ ऐसे प्रिंट्स होते हैं, जो कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होते हैं। इन्हीं प्रिंट्स में से एक है स्ट्राइप्स। स्ट्राइप्स को हम सभी कभी साड़ी तो कभी सूट तो कभी टॉप में इस प्रिंट को स्टाइल करते हैं। स्ट्राइप्स में भी आपको कई तरह के पैटर्न मिल जाएंगे, जिन्हें आप अपने स्टाइल व पसंद के अनुसार पहन सकती हैं। कई बार ऐसा होता है कि आप स्ट्राइप्स में भी अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि स्ट्राइप्स पहनते समय आप कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको स्ट्राइप्स आउटफिट पहनते समय ध्यान रखना चाहिए-



### बॉडी टाइप का रखें ध्यान

स्ट्राइप्स पैटर्न में आपको चौड़ाई से लेकर कलर व डायरेक्शन तक काफी वैरिएशन मिल जाएंगी। इसलिए, यह जरूरी है कि जब भी आप स्ट्राइप्स पहनें तो इन छोटी-छोटी चीजों पर फोकस करें। स्ट्राइप्स को हमेशा अपनी बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए ही पहनना चाहिए। मसलन, अगर आप अधिक लंबी और स्लिम दिखना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल स्ट्राइप्स पहनना अच्छा आइडिया है। वहीं, अपनी बॉडी को थोड़ा हैवी दिखाने के लिए हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स पहन सकती हैं।

### अलग-अलग स्ट्राइप्स को करें स्टाइल

अगर आप स्ट्राइप्स में भी स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो इसका एक अच्छा तरीका है कि आप अलग-अलग स्ट्राइप्स को एक साथ स्टाइल करें। मसलन, आप थिन स्ट्राइप्स और थिक स्ट्राइप्स को एक साथ पहन सकती हैं। अगर आप साड़ी पहन रही हैं तो ऐसे में आप थिक व थिन स्ट्राइप्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसी तरह, आप थिन स्ट्राइप्स शर्ट के साथ थिक स्ट्राइप्स स्कर्ट या पैंट को पहन सकती हैं। इससे आपका लुक यकीनन काफी स्टाइलिश लगेगा।



स्ट्राइप्स में यूं तो आप एक खास पैटर्न को पहनकर भी स्टनिंग दिख सकती हैं। लेकिन अगर आप स्ट्राइप्स में अलग-अलग पीसेस पहन रही हैं तो आपको इसके कलर पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। कोशिश करें कि आप स्ट्राइप्स में ऐसे कलर्स पहनें, जो एक-दूसरे को कॉम्पलीमेंट करें। अगर आप अलग-अलग कलर्स को एक साथ पहनने में कंफर्टेबल नहीं हैं तो आप कुछ क्लासिक कॉम्बिनेशन जैसे ब्लैक एंड व्हाइट या फिर रेड एंड व्हाइट को पहन सकती हैं। यह कॉम्बिनेशन हर किसी पर अच्छा लगता है।

स्ट्राइप्स पहनते समय ओकेजन पर ध्यान देना भी बेहद जरूरी है। स्ट्राइप्स को आप किसी भी ओकेजन पर पहना जा सकता है। बस जरूरी है कि आप सही तहर से उसे स्टाइल करें। मसलन, अगर आप केजुअल्स में स्ट्राइप्स पहन रही हैं तो ऐसे में बोल्ड स्ट्राइप्स पैटर्न पहनें। वहीं, अगर आप फॉर्मल इवेंट में स्ट्राइप्स पहन रही हैं तो ऐसे में आप सटल शेड्स पहनना अच्छा विचार हो सकता है।